www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 — रायपुर, मंगलवार 26 जुलाई 2022, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-151 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए — रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति — 4 | छत्तीसगढ़ — 6 | आंचलिक — 7 | देश/विदेश

//-- सुविचार --//

कर्म बहुत ध्यान से कीजिए, क्योंकि ना किसी की दुआ खाली जाती है और ना ही किसी की बद्दुआ।

आज बेबाक

पहले उद्धव ठाकरे की सरकार के दो मंत्री ईडी के निशाने पर आकर जेल गए। जो अभी तक जेल की रोटियां तोड़ रहे है। फिर अरविंद केजरीवाल सरकार के एकमंत्री जेल की शोभा बढ़ाने पहुंच गए जिनकी कोरोना ने याद्दाश्त छीन ली है। अब ममता बेनर्जी सरकार के एक मंत्री ईडी के लपेटे में आकर जेल पहुंच गए है। इन तीनों ही राज्यों में कुछ और माननीयों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रहीं है। सारे भ्रष्टाचारी तात्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम को पानी पी-पी कर कोस रहे है जिन्होने ईडी को शक्तिमान बनाकर उनकी मुसीबत का सामान कर दिया है।

सूर्योदय

उदय : 5:43 पूर्वाह्न:

अस्त : 7:11 बजे

जनसंख्या

विश्व : 7,962,977,690

भारत : 1,408,531,391

बाजार

संसेक्स : 55766.22

निफ्टी : 16631.00

गोल्ड : 51,160 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 54,900 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.86 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	31.0	25.1
बिलासपुर	31.4	25.4
जगदलपुर	27.0	27.7
अंबिकापुर	28.8	24.2

आज का दिवस

26 जुलाई : कारगिल विजय दिवस : भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इतिहास के मुताबित दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव और बढ़ गया था। स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।

हरेली पर गोमूत्र खरीदी की शुरुआत, नए कृषि उपकरणों की होगी लॉन्चिंग

■ **भूपेश सरकार का प्रदेश के किसानों की आय दोगुनी करने पर फोकस**

रायपुर/नवप्रदेश। हरेली छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कृषि संस्कृति, परम्परा, लोक पर्व एवं पर्यावरण की महत्ता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजधानी रायपुर स्थित निवास पर हर बार की तरह इस बार भी किसानों, बहनों एवं भाइयों के साथ हरेली का पर्व पारंपरिक एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर कृषि यंत्रों की पूजा भी करेंगे। हरेली पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए मुख्यमंत्री निवास में तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों द्वारा सुआ, कर्मा, ददरिया और गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी तथा हरेली गीत भी गाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल ने जिन सार्वजनिक अवकाशों की घोषणा की है, उनमें हरेली त्यौहार भी शामिल है।

नये कृषि उपकरणों की होगी लांचिंग : किसान सम्मेलन का खास आकर्षण नये कृषि उपकरणों की लांचिंग होगा। इसमें सबसे खास है एक ऐसा ड्रोन जिसके माध्यम से फर्टिलाइजर और कीटनाशक की समुचित मात्रा में काफी कम समय में छिड़काव हो सकेगा। इसके साथ ही कृषि के लिए उपयोगी अत्याधुनिक उपकरण भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बैलगाड़ी से पहुंचेंगे पूजा स्थल

मुख्यमंत्री हरेली पूजास्थल में बैलगाड़ी से पहुंचेंगे। वहां वे गौमाता की पूजा करेंगे। साथ ही परंपरागत रूप से कृषि उपकरणों की पूजा करेंगे। वे मशीन से पैरा काटेंगे और गायों को खिलाएंगे। हरेली के मौके पर गोवंश की पूजा होती है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी मुख्यमंत्री ने अपने निवास से बैलगाड़ी से निकले थे और सुंदर परंपरागत तरीके से हरेली का उत्सव मनाया था।

गोमूत्र खरीदी का शुभारंभ : हरेली के पावन अवसर पर सीएम पाटन ब्लाक के गांव करसा से गोधन न्याय योजना का विस्तार करते हुए गोमूत्र खरीदी का शुभारंभ करेंगे। गांव के पशुपालक चार रुपए प्रति लीटर में गोमूत्र विक्रय कर सकेंगे। हरेली के मौके पर होने वाली इस खरीदी से प्रदेश के गौवंशपालकों को आर्थिक रूप से बड़ी मजबूती मिलेगी। अब तक किसान गोबर का विक्रय करते आये थे अब गोमूत्र भी बेचने से उनकी आय में इजाफा होने से पशुधन विकास के कार्य को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि कृषि के साथ पशुपालन का कार्य करने से किसान अपनी आय दोगुनी करने का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर करसा में कृषि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है। यहां नये कृषि उपकरणों की लांचिंग होगी। खेती किसानी के लिए उपयोगी कृषि प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

द्रौपदी मुर्मू ने देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

नई दिल्ली। प्राचीन परंपराओं एवं आधुनिक राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करने के संकल्प के साथ द्रौपदी मुर्मू ने देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में सोमवार को शपथ ली। वह जनजातीय समुदाय से आने वाली देश की पहली राष्ट्राध्यक्ष और इस शीर्ष संवैधानिक पद को ग्रहण करने वाली दूसरी महिला हैं।संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में आज भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा, '' राष्ट्रपति के पद तक पहुंचना, मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह भारत के प्रत्येक गरीब की उपलब्धि है। मेरा निर्वाचन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब सपने देख भी सकता है और उन्हें पूरा भी कर सकता है।'' मुर्मू (64 वर्ष) देश की सबसे युवा राष्ट्रपति हैं और देश की पहली ऐसी राष्ट्रपति हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ हैं । उन्होंने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर पद एवं

गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अपनी जीवन यात्रा ओडिशा के एक छोटे से आदिवासी गांव से शुरू की थी और वह जिस पृष्ठभूमि से आती हैं, वहां उनके लिये प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना भी एक सपने जैसा ही था। उन्होंने कहा, '' लेकिन अनेक बाधाओं के बावजूद मेरा संकल्प दृढ़ रहा और मैं कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली बेटी बनी। मैं जनजातीय समाज से हूं, और वार्ड पार्षद से लेकर भारत की राष्ट्रपति बनने तक का अवसर मुझे मिला है। यह लोकतंत्र की जननी भारतवर्ष की महानता है, यह हमारे लोकतंत्र की ही शक्ति है ।''संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचे। दोनों संसद के 'केंद्रीय कक्ष' गए, जहां ड्रम बजाकर उनका स्वागत किया गया। मुर्मू को 21 तोपों की सलामी दी गई जिसके बाद उन्होंने शपथ पुस्तिका पर हस्ताक्षर किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने कहा कि विविधताओं से भरे अपने देश में हम अनेक भाषा, धर्म, संप्रदाय, खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों को अपनाते हुए 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में सक्रिय हैं।

सलामी गारद का भी निरीक्षण किया

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही देश की सशस्त्र सेनाओं के नये प्रधान सेनापति ने सलामी गारद का भी निरीक्षण किया। द्रौपदी मुर्मू के भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति भवन छोड़ सोमवार को अपने नए आवास 12 जनपथ पहुंचे। द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के बैदापोसी गांव में एक संथाल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम बिरंचि नारायण टुडु है।

पीएम मोदी ने दी बधाई

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी और कहा कि उनका देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालना भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है, खासकर गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा कि शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत की उपलब्धियों पर जोर दिया और आगे के रास्ते को लेकर एक भविष्यवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

महंगाई व भाड़ा भत्ता को लेकर शासकीय सेवकों की हड़ताल शुरू

■ **शिक्षक भी आंदोलन में, स्कूलों में लटके ताले, दफ्तरों से बैरंग लौटे लोग**

रायपुर/नवप्रदेश। लंबित महंगाई व गृह भत्ता को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने सामूहिक अवकाश लेकर सोमवार से आंदोलन में चले गए। प्रदेश के लगभग 5 लाख कर्मचारी आंदोलन में है जिससे सरकारी दफ्तरों में कोई कामकाज नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक संघ के सदस्य भी हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे कई स्कूलों में ताले लटक गए। छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी डीए और एचआरए बढ़ाने की मांग पर अड़े हुए हैं। उनकी मांग है कि उन्हें भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर भत्ते दिए जाएं। बता दें कि अभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता है, जबकि राज्य कर्मचारियों को 22 फीसदी ही मिलता है। ऐसे में अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी फेडरेशन ने पूरे प्रदेश में हड़ताल का आह्वान किया है। फेडरेशन को इसमें अन्य कर्मचारी संगठनों, शिक्षक संघ और पटवारी संघ का भी समर्थन मिल गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुको में सुरजेवाला की याचिका खारिज

■ **आधार कार्ड-वोटर आईडी लिंक मामले में दायर की थी याचिका**

नई दिल्ली। आधार कार्ड-वोटर आईडी लिंक मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। दरअसल, सुरजेवाला ने केंद्र सरकार के आधार कार्ड से वोटर आईडी को लिंक किए जाने के लिए चुनाव कानून संशोधन अधिनियम के

खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। कांग्रेस नेता ने अपनी याचिका में कहा था कि वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ने पर नागरिकों निजता के मौलिक अधिकार का हनन होगा। उन्होंने इसे असंवैधानिक बताया। सुरजेवाला की याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करनी चाहिए।

वोटर कार्ड को आधार से लिंक करना असंवैधानिक

कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने अपनी याचिका में कहा है कि वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना नागरिकों की निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है और यह असंवैधानिक है और संविधान के विपरीत है। कांग्रेस का एक तर्क यह भी है कि आधार नागरिकता का नहीं बल्कि निवासी होने का प्रमाण है, जबकि वोटर आईडी कार्ड नागरिकता का अधिकार देता है।

कारगिल विजय दिवस पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई पर भारतीय जवानों की वीरता को नमन करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम ने कहा कि भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को अपने अदम्य साहस और शौर्य से विपरीत परिस्थितियों में भी घुसपैठियों से कारगिल को मुक्त कराकर 'ऑपरेशन विजय' में सफलता प्राप्त की। इस दिन की याद में हम हर साल कारगिल विजय दिवस मनाते है। यह देश के वीर सपूतों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है। यह दिन देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है और सिखाता है कि देश सबसे ऊपर है। यह पूरे देश के लिए गौरवशाली दिन हैं।

दो टुकड़ों में बंट गया विमान

बाल-बाल बची महिला ट्रेनी पायलट

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे जिले के इंदापुर तालुका के कदबनवाड़ी गांव में आज सुबह करीब 11.30 बजे एक प्रशिक्षु विमान एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 22 वर्षीय महिला पायलट घायल हो गई। इस हादसे में विमान दो टुकड़ों में बंट गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि विमान जिस खेत में गिरा उस समय आसपास में किसान काम भी कर रहे थे। लोगों ने बताया कि हादसे के बाद वहां काम कर रहे किसान डर गए। नागर विमानन महानिदेशालय ने घटना की जानकादी देते हुए बताया कि ट्रेनी पायलट का नाम भाविका राठौड़ है जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। विमान कार्वर एविएशन बारामती का है। पावर सप्लाई में तकनीकी खराबी की वजह से विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

केजरीवाल सरकार के खिलाफ एक और जांच का आदेश

■ **एलजी ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट, भाजपा ने किया प्रदर्शन**

नई दिल्ली। नई आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप पर केजरीवाल सरकार संकट में हैं। शराब की बिक्री में सांठगांठ और ब्लैक लिस्टेड फर्मों के शामिल होने की शिकायत मिलने के बाद एलजी वीके सक्सेना ने जांच के आदेश दिए हैं। एलजी ने मुख्य सचिव से 15 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। एलजी ने इससे पहले नई आबकारी नीति मामले में सीबीआई जांच की

सिफारिश की थी। इसी महीने की शुरुआत में तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार केजरीवाल सरकार पर जीएनसीटीडी एक्ट 1991, व्यापार लेनदेन नियम 1993, दिल्ली आबकारी नीति 2009 और दिल्ली आबकारी नियम 2010 के उल्लंघन का आरोप है।

आप के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन : ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आबकारी नीति में अनियमितता का आरोप

एलजी वीके सक्सेना के आदेश के बाद आबकारी नीति सवालों के घेरे में आ गई है। शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ कड़ा कदम उठाया था। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की एक्साइज पॉलिसी के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए। केजरीवाल सरकार पर नई आबकारी नीति के तहत शराब की दुकानों के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप है। आरोप है कि नई आबकारी नीति में नियमों की अनदेखी करते हुए शराब की दुकानों के टेंडर दिए गए।

बेरोजगारी का पोस्टर लेकर निकले भाजयुमो नेता

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बेरोजगारी का पोस्टर लेकर शहर में निकल पड़े। अलग-अलग इलाकों में नेताओं ने इन पोस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क पर भाजपा नेताओं ने लोगों से कहा कि कांग्रेस रोजगार के वादे जो करती है झूठे हैं। इस सियासी विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के साथ उनके समर्थक कांग्रेस भवन के करीब पहुंच गए । सड़क पर जब कांग्रेस के विधायक निकले तो अमित साहू और उनके साथियों ने विधायक को घेरने का प्रयास किया। बेरोजगारी के पोस्टर दिखाकर नारेबाजी करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को वहां से हटाया। इसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में भाजयुमो के नेता बेरोजगारी का पोस्टर लगाते रहे। अमित साहू ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि प्रदेश के युवा बेरोजगार हैं और कांग्रेस इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

पूर्व कप्तान एमएस धोनी को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

■ **आम्रपाली ग्रुप संग 150 करोड़ रुपये के लेन-देन का मामला**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सुप्रीम कोर्ट की ओर से नोटिस जारी किया गया है. आम्रपाली ग्रुप और एमएस धोनी के बीच लेनदेन का एक मामला चल रहा है, जिसको लेकर सर्वोच्च अदालत में सुनवाई हुई थी. एमएस धोनी को आम्रपाली ग्रुप की तरफ से 150 करोड़ रुपये का बकाया लेना है, दूसरी ओर ग्रुप के ग्राहकों को उनके फ्लैट्स नहीं मिल

रहे हैं ऐसे में यह मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है. आम्रपाली ग्रुप और महेंद्र सिंह धोनी से जुड़ा यह केस पहले दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा था, जहां पर हाईकोर्ट ने एक कमेटी का गठन किया था. रिटायर्ड जस्टिस वीणा बीरबल की अगुवाई में बनी इस कमेटी के जिम्मे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीड़ितों ने कोर्ट में दिया ये तर्क

पीड़ितों का कहना है कि दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जिस कमेटी का गठन किया गया है, उसके सामने महेंद्र सिंह धोनी अपने बकाए 150 करोड़ रुपये का मामला ले गए हैं. महेंद्र सिंह धोनी आम्रपाली ग्रुप के ब्रांड एंबेसडर थे, इसके ही उन्हें 150 करोड़ रुपये मिलने हैं. अब पीड़ितों की ओर से तर्क दिया गया है कि अगर आम्रपाली ग्रुप एमएस धोनी के बकाये को देने में पैसे खर्च करेगा तो उनके फ्लैट नहीं मिल पाएंगे. इसी बाबत अब सुप्रीम कोर्ट ने महेंद्र सिंह धोनी और आम्रपाली ग्रुप को नोटिस जारी किया है।

गरमा-गरम

कार्रवाई... पार्टी बोली- हम डरेंगे नहीं, निलंबित सांसद ने कहा- अहंकार दिखा रही सरकार

लोकसभा से कांग्रेस के चार सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित

नई दिल्ली। कांग्रेस के चार सासंदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस सांसद ज्योतिर्मणि, राम्या हरिदास, मणिकम टैगोर, टीएन प्रतापन को निलंबित किया गया है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। महंगाई समेत अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच लोकसभा स्पीकर ओम प्रकाश बिड़ला ने यह कार्रवाई की है। मानसून सत्र के छठे दिन सोमवार को स्पीकर बिड़ला ने सदन के अंदर प्रदर्शन कर रहे सांसदों को अंतिम चेतावनी दी। हंगामे के बीच बिड़ला ने कहा, यह लोकतंत्र का मंदिर है।

नियम 374 के तहत की गई कार्रवाई

कांग्रेस सांसदों यह कार्रवाई नियम 374 के तहत की गई है। नियमें जिद्द और जानबूझकर सदन की कार्यवाही रोकना शामिल है। इसके अलावा इस नियम में सीपकर के प्राधिकार की उपेक्षा करना और नियमों का दुरुपयोग भी शामिल है। इन सांसदों के खिलाफपहले निलंबन प्रस्ताव दिया गया था जिसके बाद सर्वसम्मित ने सभी को निलंबित कर दिया गया है।

डराने की कोशिश कर रही सरकार : कांग्रेस

वहीं चार सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार उसे डराने की कोशिश कर रही है और कहा कि पार्टी झुकेगी नहीं। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा, सरकार हमारे सांसदों को निलंबित करके हमें डराने की कोशिश कर रही है। उनकी क्या गलती थी? वे उन मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहे थे जो लोगों के लिए मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, सांसद गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि, आटा और छाछ जैसी वस्तुओं पर जीएसटी लगाने के मुद्दों को उठाते हुए तख्तियां लिए हुए थे। हमने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए एक स्थगन प्रस्ताव पेश किया लेकिन कोई चर्चा नहीं हुई।

तख्तियां ले जाने पर लगा था प्रतिबंध : मानसून सत्र शुरू होने से ठीक पहले संसद परिसर के भीतर तख्तियां ले जाने और विरोध प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मणिकम टैगोर, राम्या हरिदास, ज्योतिर्मणि और टीएन प्रतापन को एक अभूतपूर्व कार्रवाई में निलंबित कर दिया गया।

अहंकार दिखा रही सरकार : टैगोर

निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि कांग्रेस पिछले छह दिनों से मूल्य वृद्धि पर चर्चा की मांग कर रही है, स्थगन प्रस्ताव के लिए नोटिस दे रही है लेकिन सरकार ने पूरा अहंकार दिखाया है। उन्होंने कहा, आज जब एक आदिवासी महिला ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली है, तो एक दलित महिला को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया है। टैगोर ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा केवल यह चाहती है कि संसद, उनके अपने नेताओं और उनकी जीत की जय-जयकार करे। उन्होंने कहा, हम सदन में तख्तियां दिखाने और उन्हें कैमरे के एंगल में रखने की कोशिश कर रहे थे। वे कहते हैं कि संसद में तख्तियों की अनुमति नहीं है..जो अनुमति है वह केवल मोदी जी के लिए जयकार है।

संपादकीय

रेलवे का अनुचित फैसला

यह ठीक है कि कोरोना काल के कारण भारतीय रेलवे को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। अभी भी रेल सेवाएं सुचारू नहीं हो पाई है लेकिन घाटे से ऊबरने के लिए रेलवे प्रबंधन ने जो फैसले किए है उसमें कई निर्णय अनुचित है जिसपर उसे पुनर्विचार करना चाहिए। रेलवे को हो रही क्षति की पूर्ति के लिए रेलवे ने अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों, खिलाड़ियों और वरिष्ठ नागारिकों को रेल टिकट पर दी जाने वाली रियायत को खत्म कर दिया है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों को अब कहीं भी यात्रा करने के लिए पूरे पैसे देने होंगे। खिलाड़ी और पत्रकार तो पूरा किराया दे भी सकते है लेकिन बुजुर्ग जो ज्यादातर सेवानिवृत्त होते है और अपने बच्चों पर आश्रित होते है उन्हे अब रेल किराए में रियायत न मिलने से अतिरिक्त दाम चुकाने होंगे जो उनके बूते की बात नहीं होगी। बुजुर्ग लोग अब तक रियायती टिकट मिलने के कारण अपने बुढ़ापे में धार्मिक यात्राएं किया करते थे, उनके बच्चे भी बुजुर्गो को रेल टिकट में 40 से 50 प्रतिशत तक रियायत मिलने के कारण उन्हे यात्राएं करते थे। लेकिन अब जबकि उनका भी पूरा टिकट लगेगा तो जाहिर है बुजुर्ग इन यात्रायों से वंचित होंगे। गौरतलब है कि वष्ठि नागरिकों को 40 से 50 प्रतिशत तक रेल टिकट में कंशेसन देने से रेलवे को सालाना 1500 करोड़ रूपए का भार पड़ता था। यह भार भी अब रेलवे उठाने में असमर्थ हो रहा है जबकि इस सुविधा को बंद करने से रेलवे को कोई खास बचत नहीं होगी। यदि रेलवे को घाटे से उबरना ही है तो उसे अन्य विकल्पों पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। सांसदों और विधायकों जो मुफ्त रेल यात्राएं कराई जाती है यहां तक कि पूर्व सांसदों को भी मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है उससे तो रेलवे को हजारों करोड़ रूपए की क्षति पहुंचती है। यदि घाटे की भरपाई करना ही है तो इन माननीयों की मुफ्त रेल यात्राओं पर रोक लगानी चाहिए। इसी तरह रेलवे और भी कई कदम उठाकर घाटे से उबर सकता है लेकिन उसने वरिष्ठ नागरिकों की रियायती रेल यात्रा पर रोक लगाकर बुजुर्गो के साथ क्रूर मजाक किया है। रेलवे को चाहिए कि अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ववत रियायती टिकट देकर उनको यात्राओं पर रियायत दें। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस मामले में केन्द्र सरकसर हस्तक्षेप करेगी और रेलवे प्रबंधन को अपने इस अव्यवहारिक फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए बाद्ध करेगी ताकि उम्र के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके बुजुर्ग पहले की तरह ही रियायती दरों पर रेल यात्रा कर सकें।

कविता

दिल्ली: हिरण पर क्यों लादें घास

इसमें जरा भी शक नहीं है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई नई और अच्छी पहल की हैं। उसकी नई शिक्षा पद्धति को देखकर कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी काफी प्रभावित हुई हैं। अब दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि वह 50 केंद्रों में एक लाख ऐसे बच्चे तैयार करेगी, जो फर्राटेदार अंग्रेजी बोल सकें। अंग्रेजी की अनिवार्य पढ़ाई तो भारत के सभी विद्यालयों में होती है लेकिन अंग्रेजी में संभाषण करने की निपुणता कम ही छात्रों में होती है। इसी वजह से वे न तो अच्छी नौकरियां ले पाते हैं और वे जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी हीनता-ग्रंथि से ग्रस्त रहते हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान गरीब और पिछड़े परिवारों के छात्रों को होता है। उन्हें घटिया पदों और कम वेतनवाली नौकरियों से ही संतोष करना पड़ता है। ऐसे छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिले, इसीलिए दिल्ली सरकार अब 12 वीं पास छात्रों को अंग्रेजी बोलने का अभ्यास मुफ्त में करवाएगी। शुरु में वह उनसे 950 रुपए जमा करवाएगी ताकि वे पाठ्यक्रम के प्रति गंभीर रहें। यह राशि उन्हें अंत में लौटा दी जाएगी। यह पाठ्यक्रम सिर्फ 3-4 माह का ही होगा। 18 से 35 साल के युवकों के लिए यह अंग्रेजी बढ़िया बोलो अभियान खुला रहेगा। मोटे तौर पर दिल्ली सरकार की इस योजना के पीछे उसकी मन्शा पूरी तरह सराहनीय है लेकिन दिल्ली की ही नहीं, हमारे सभी राज्यों और केंद्र की सरकार ने क्या कभी सोचा कि हमारी शिक्षा और नौकरियों में अंग्रेजी की अनिवार्यता ने भारत का कितना बड़ा नुकसान किया है? यदि सरकारी नौकरियों से अंग्रेजी की अनिवार्यता हटा दी जाए तो कौन माता-पिता अपने हिरण-जैसे बच्चों पर घांस लादने की गलती करेंगे? चीनी भाषा के अलावा किसी भी विदेशी भाषा को सीखने के लिए साल-दो साल काफी होते हैं लेकिन भारत में बच्चों पर यह घांस दस-बारह साल तक लाद दी जाती है। अपने छात्र-काल में मैंने अंग्रेजी के अलावा जर्मन, रूसी और फारसी भाषाएं साल-साल भर में आसानी से सीख ली थीं। अंग्रेजी से कुश्ती लड़ने में छात्रों का सबसे ज्यादा समय नष्ट हो जाता है। अन्य विषयों की उपेक्षा होती है। मौलिकता नष्ट होती है। हीनता ग्रंथि पनपने लगती है। अहंकार और ढोंग पैदा हो जाता है। हमारी शिक्षा-व्यवस्था चौपट हो जाती है। आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं लेकिन अभी भी हम भाषाई और बौद्धिक गुलामी में जी रहे हैं। महात्मा गांधी और लोहिया- जैसा एक भी नेता आज तक देश में इतना साहसी नहीं हुआ कि वह मैकाले की इस गुलामगीरी को चुनौती दे सके। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री मनीष सिसोदिया से मैं आशा करता हूं कि वे अन्य मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों की तरह पिटेपिटाए रास्ते पर तेज रफ्तार से चलने की बजाय ऐसा जबर्दस्त अभियान चलाएं कि भारत में नौकरियों और शिक्षा से अंग्रेजी की अनिवार्यता खत्म हो जाए। जिन्हें उच्च शोध, विदेश व्यापार और कूटनीति के लिए विदेशी भाषाएं सीखनी हों, वे जरुर सीखें। उन्हें पूर्ण सुविधाएं दी जाएं।

राजीव खंडेलवाल

भारत का ''जन'' व ''तंत्र'' कब 'स्वस्थ' होगा

स्वस्थ लोकतंत्र में भय और बंधन नहीं होता है, प्रेम व प्रीति होती है, वही अच्छा सफल लोकतंत्र कहा जाता है। "सहज पके सो मीठा होय"। लेकिन जब चुने हुये प्रतिनिधियों के प्रति अपनी ही पार्टी का विश्वास चुनते ही कमजोर हो जाये, "स्वारथ लागि करहिं सब प्रीती" की स्थिति पैदा हो जाये, जिस कारण से पार्टी को अपने ही चुने हुये प्रतिनिधियों के वोटों को सुरक्षित रखने के लिए अज्ञातवास में भेजना पड़े, जो आजकल समस्त पार्टियों की एक प्रथा-परिपाटी बन गई है। तब निश्चित रूप से लोकतंत्र पर उंगली उठना स्वाभाविक है। तथापि आलोचक इन उंगली उठाने वालों को यह कहकर चुप करा सकते हैं कि अज्ञातवास की यह नीति आज की नहीं है, बल्कि महाभारत काल से चली आ रही है। परन्तु तब के अज्ञातवास और आज के अज्ञातवास में भेजने/जाने के कारण में जमीन आसमान का अंतर है। आखिर यह व्यवस्था सुधरेगी कैसे? इसके दो ही रास्ते हैं। और दोनों ही रास्तों को एक साथ अपनाना होगा, तभी सुधार की गुंजाइश है।

कहने को तो भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक (जनतांत्रिक) देश है। लेकिन 75 साल का ''लोकतांत्रिक जीवन'' जीने के बाद भी ''लोकतंत्र'' जो कि भारत की पहचान है, क्या भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा व उच्च कोटि का लोकंतत्र है? यह बात क्या निश्चिंतता से कही जा सकती है? भारतीय लोकतंत्र पर प्रश्नवाचक चिन्ह विभिन्न घटनाओं के कारण लगता रहता है और लगाया भी जाता रहा है, जो कि ''नाम बड़े और दर्शन छोटे'' की उक्ति को चरितार्थ करता लगता है। इसके लिए दोषी कौन है! यक्ष प्रश्न यही है?

लोकतंत्र 'जन' व 'तंत्र' दो महत्वपूर्ण तत्वों से मिलकर बना है। परन्तु क्या दोनों तत्व 'जन' व 'तंत्र' प्रायः विकसित हैं, यह एक प्रश्नवाचक चिन्ह कुछ क्षेत्रों में पूर्व से लगाया जाता रहा है। वर्तमान के संदर्भ में इसका कारण अभी दो प्रमुख घटनाओं से है। इस कारण से उक्त प्रश्न पुनः उत्पन्न हुआ हैं, जिसकी ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाह रहा हूं। प्रथम - राष्ट्रपति चुनाव में 15 सांसदों के मतों को अवैध घोषित होना। दूसरा - भोपाल दैनिक भास्कर की एक न्यूज है, जिसमें प्रमुखता से बतलाया गया है कि, हाल में चुने गये जिला पंचायत व जनपद सदस्यों की धार्मिक स्थलों में बाड़ाबंदी व सैर सपाटे के लिए उन्हें अपने शहर/गांवों से दूर भेजा गया, ताकि उनके वोट सुरक्षित रहकर विपक्षी दल हथिया न लें। यह स्थिति प्रदेश के अधिकांश भागों की ही नहीं है, बल्कि पूर्व में हमने कई प्रदेशों में (हाल में ही महाराष्ट्र में) ऐसी स्थिति को देखा है। मेरे शहर बैतूल भी अछूता नहीं रहा और वह भी इस बंधक बनाये जाने की प्रक्रिया के दौड़ में शामिल होकर यहां पर दूसरे जिले के कुछ सदस्य शहर के बाहर की एक हॉटल में रुके हुये हैं। ''मान न मान मैं तेरा मेहमान''। हमने यह भी देखा है कि इस बंधक बनाये जाने की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों की स्वतंत्रता कुछ समय के लिए अवरूद्ध हो जाती है। मोबाइल फोन तक ले लिये जाते है। घरों के बाहर जाने की स्वतंत्रता नहीं होती है। हाँ इन सबके प्रतिफल में शाही स्वागत भोजन व आराम जरूर मिलता है।

उक्त दोनों महत्वपूर्ण घटनाएं क्या देश के स्वस्थ लोकतंत्र के सीने को 56 इंच समान चैड़ा करती हैं, या उस पर कलंक

लगाती हैं? इस पर आम जनता, जिसकी स्थिति उस ''अंधे के जैसी है जिसने बसंत की बहार नहीं देखी'', ने कभी गंभीरता से सोचा है? या सोचने का प्रयास भी किया है? निश्चित रूप से ये घटनाएं हमारे देश के लोकतंत्र के माथे पर एक कलंक समान हैं। यह उन चुने हुये जनप्रतिनिधियों, जो लोकतंत्र का आभामंडल हैं, के लिए भी अत्यन्त शर्मसार करने वाला है। वह इसलिए कि आज 75 साल का लम्बा समय बीतने के अनुभव के बावजूद भी हमारा लोकतंत्र इतना परिपक्व नहीं हो पाया है, जहां चुने गये जनप्रतिनिधियों जो हजारों-लाखों वोटों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और जो जनता के आईकॉन हैं, ये ''बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम'' वाले आईकॉन स्वयं अपना ही वोट डालने में सक्षम नहीं है, अनपढ़ हैं, तब हम उस जनता जिसकी नियति ही ''उस भेड़ के जैसी हो ''जो जहां जायेगी वहीं मुंडेगी'', से क्या उम्मीद करें, कि जिनको पढ़ाने लिखाने व समाज तथा देश के प्रति जिम्मेदार बनाने और अच्छे उच्च स्तर के जीवन की ओर ले जाने का दायित्व व कर्तव्य संविधान ने इन जन-प्रतिनिधियों को ही दिया है।

दूसरा स्वस्थ लोकतंत्र में भय और बंधन नहीं होता है, प्रेम व प्रीति होती है, वही अच्छा सफल लोकतंत्र कहा जाता है। ''सहज पके सो मीठा होय''। लेकिन जब चुने हुये प्रतिनिधियों के प्रति अपनी ही पार्टी का विश्वास चुनते ही कमजोर हो जाये, ''स्वारथ लागि करहिं सब प्रीती'' की स्थिति पैदा हो जाये, जिस कारण से पार्टी को अपने ही चुने हुये प्रतिनिधियों के वोटों को सुरक्षित रखने के लिए अज्ञातवास में भेजना पड़े, जो आजकल समस्त पार्टियों की एक प्रथा-परिपाटी बन गई है। तब निश्चित रूप से लोकतंत्र पर उंगली उठना स्वाभाविक है। तथापि आलोचक इन उंगली उठाने वालों को यह कहकर चुप करा सकते हैं कि अज्ञातवास की यह नीति आज की नहीं है, बल्कि महाभारत काल से चली आ रही है। परन्तु तब के अज्ञातवास और आज के अज्ञातवास में भेजने/जाने के कारण में जमीन आसमान का अंतर है।

आखिर यह व्यवस्था सुधरेगी कैसे? इसके दो ही रास्ते हैं। और दोनों ही रास्तों को एक साथ अपनाना होगा, तभी सुधार की गुंजाइश है। प्रथम ''भय बिनु प्रीति न होई'' के सिद्धांत को अपनाते हुए जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन किये जाने की नितांत आवश्यकता है जहां चुने हुए जनप्रतिनिधी का किसी भी चुनाव में डाला गया मत अवैध घोषित होने पर स्वयमेव उसकी सदस्यता तुरंत प्रभाव से समाप्त हो जानी चाहिए।

दूसरा जो पार्टी चुने हुए प्रतिनिधियों को चाहे व पार्षद पंचायत सदस्य हो या विधायक-सांसद हो, यदि किसी भी मामले में जहां बहुमत के टेस्ट के लिये मताधिकार का उपयोग होने वाला हो और उस कारण से उनको बंधक किया जाकर अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाता है। और, तब यदि ऐसी रिपोर्ट मीडिया में आती हैं, या बंधक सदस्य के परिवार का कोई सदस्य शिकायत करता है। तब संबंधित उच्च न्यायालय को जनता के हित में तुरंत स्व-संज्ञान लेकर पुलिस अधिकारियों को छापा मारने की कार्रवाई करने के आदेश देने चाहिए, ताकि ''न बासी बचे न कुत्ता खाय''। उच्च व उच्चतम न्यायालय के लिए यह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि हमने देखा है कि सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में असफलता/अकर्मण्यता के कारण न्यायालयों ने स्वयं संज्ञान में लेकर समय-समय पर उचित कार्यवाही कर आवश्यक आदेश पारित कर आम जनता को राहत प्रदान की है। इन दोनों उपायों को यदि हम सख्ती से लागू कर पालन करेंगे, तो निश्चित रूप से देश का लोकतंत्र मजबूत होगा। क्योंकि वर्तमान कानून ''ओस चाटने के समान हैं जिनसे प्यास कभी नहीं बुझ सकती''। कहा जाता है कि ''लोहा लोहे को काटता है'', अतः लोकतंत्र की मजबूती के लिये आवश्यक सुधार किये जाने से किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता यदि कुछ समय के लिए बाधित भी होती है तो वह गौण है।

रमेश सर्राफ

सेना में बहादुरी की मिसाल कायम करते झुंझुनू के जवान

भारतीय सेना में योगदान के लिये झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 45 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं जिले में करीबन 62 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की और से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुये यहां के 457 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है। कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुये थे जिनमें यहां के 22 सैनिक शहीद हुये थे जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे। झुंझुनू जिले से अब तक 457 से अधिक सैनिक जवान सीमा पर शहीद हो चुके हैं। यहां के जवानो ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतीभा का प्रदर्शन किया है। इस जिले के चित्तोसा गांव के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नो सेना के अध्यक्ष रह चुकें हैं।

देश रक्षा के लिये सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। यहां के गांवों में लोकदेवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। झुंझुनू जिले में प्रारम्भ से ही सेना में भर्ती होने की परम्परा रही हैं तथा यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता था। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजो ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर 'शेखावाटी ब्रिगेड 'का गठन किया था। जिले के वीर जवानो को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा हैं। अब तक इस जिले के कुल 120 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक हैं।

राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलनो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गयी लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया हैं। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतित होता हैं कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तानी कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाक युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतू सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनो अंगो की आन की रक्षा के लिये यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता हैं। इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धो में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त कियें हैं वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर

सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किये गये आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध। सभी अभियान में यहां के सैनिको ने शहादत देकर जिले का मान बढ़ाया हैं।

भारतीय सेना में योगदान के लिये झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 45 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं जिले में करीबन 62 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की और से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुये यहां के 457 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है। कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुये थे जिनमें यहां के 22 सैनिक शहीद हुये थे जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे। झुंझुनू जिले से अब तक 457 से अधिक सैनिक जवान सीमा पर शहीद हो चुके हैं।

यहां के जवानो ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतीभा का प्रदर्शन किया है। इस जिले के चित्तोसा गांव के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नो सेना के अध्यक्ष रह चुकें हैं वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत हुये हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में ब्रिगेडियर, कर्नल,मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है। देश में झुंझुनू एकमात्र ऐसा जिला हैं जहां सैनिक छावनी नहीं होने के उपरान्त भी गत पचास वर्षो से अधिक समय से सेना भर्ती कार्यालय कार्यरत है। जिससे यहां के काफी युवकों को सेना में भर्ती होने का मौका मिल पाता है।

यहां के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के युद्ध में वीरता के लिये देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत देश के दूसरे व राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया था। आज भी यहां द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों की विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है। जिले में इतने अधिक लोगों का सेना से जुड़ाव होने के उपरान्त भी सरकार द्वारा सैनिक परिवारों की बेहतरी व सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये बहुत कुछ किया जाना अभी बाकी है। कारगिल युद्ध के समय सरकार द्वारा घोषित पैकेज में यह बात भी शामिल थी कि हर शहीद के नाम पर उनके गांव में किसी स्कूल का नामकरण किया जायेगा मगर जिले के ऐसे कई शहीदों के नाम पर अब तक सरकार ने स्कूलों का नामकरण कई नहीं किया है। हाल ही में झुंझुनू में सैनिक स्कूल प्रारम्भ हो चुकी है जिसका लाभ सेना में जाने वाले यहां के युवाओं को मिलेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चीख चीख चिल्लाती

चीख चीख चिल्लाती है चिल्लाने दो जनता भूखी मरती तो मर जाने दो भूखे प्यासे अनपढ़ बेशक रह लेंगे मेहगाई जितनी बढती बढ़ जाने दो पुनः मिलेगा हमें धर्म की जय होगी मांस हमारा इन गिद्धों को खाने दो तकलीफें सहने की हमको आदत है जुल्म गरीबों पर ढाते हैं ढाने दो पहले की थी बात अलग कह देते थे सितम बढ़ा तो वक्त़ हमारा आने दो।

- लक्ष्मी माहोर

ये धरती और

ये धरती और ज़िंदगियाँ अनवरत चलने वाली धारा है। हम कोई हज़ार दो हज़ार साल के लिए यहाँ नहीं है। साठ साल औसत और किस्मत से अभी भी मर सकते हैं। फिर भी दिलों में नफ़रत है, ईर्ष्या है, बेचैनी है, अवसाद है, बेबसी है। लोगों से मत कटो...अकेले मत रहो। एक खूबसूरत पल को पहचानों।

- प्रवीण माटी

खास पाती | पढ़े-लिखे और समझदार लोग

पढ़े-लिखे और समझदार लोग अंततः किसी न किसी व्यक्तित्व और विचारधारा से प्रभावित (संक्रमित) होते हैं और जीवन का एक बड़ा भाग (कोई-कोई तो आजीवन) उस विचारधारा पर चलने में, उसे पोषित करने में जाया कर देते हैं, तब तक, जब तक उन्हें उससे कोई दूसरी, नई और ज्यादा प्रभावित करने वाली विचारधारा नहीं मिल जाती । राजनीति दरअसल लोगों की इसी पढ़ी-लिखी और अनिश्चित तथा भ्रम में रखने वाली अज्ञानता का फायदा उठाती है । अनपढ़ और कम पढ़े-लिखे लोगों को किसी विचारधारा से कोई मतलब नहीं होता । वे जिस संस्कृति की छाया में पलते-बढ़ते हैं, वही उनकी विचारधारा बन जाती है । भले ही वह सही हो या गलत । - **कमल मेहर**

हौले हौले हवा का झोंका आया

हौले हौले हवा का झोंका आया , खिड़की खोल कानों में गुनगुनाया । उठ सजनी , कर स्वागत की तैयारी - प्यास बुझाने , रिमझिम बारिश आया। इंतजार हुई खत्म अब मिलन की बारी है ।शुभ्र पारिजात की भी खिलने की तैयारी है ।अब नहीं होगी उदासी महकेगी सुरमई शाम - संवार लो गेसुओं को मोहब्बत की वारी है । जो तेरा साथ हो तो, मुश्किल आसान हो जाए । जीवन की हर डगर खुशी का पैग़ाम बन जाए । झोपड़ी में भी रहकर महल का हो अहसास ओ मेरे सनम ! !ज़िंदगानी सुखद कहानी बन जाए । - **वर्षा ठाकुर**

चाँद तारों से सजी सुन्दर सुहानी

चाँद तारों से सजी सुन्दर सुहानी रात होगी , आसमा से भी महकते फूल की बरसात होगी चूम कर माथा हमारा ये पवन रुक जायेगी दोस्तों में भी अदब से जब हमारी बात होगी। - **संजय कुमार गिरि**

कभी कहती थी गलत बर्दाश्त

कभी कहती थी गलत बर्दाश्त नही कर सकती। अब सब बर्दाश्त करने लगी हो। कम बोलती है। अब जरा चुप रहने लगी हो। अब बेटी नही है ना बहु बन गई है। सब कुछ देख समझ जाती थी वो अब नजरें झुकाकर रखती है डरती है कहीं कुछ दिख ना जाए। कहीं जुबां से कुछ निकल ना जाए। बेटी नही है वो अब बहु बन गई है। **- प्रीती श्रीवास्तव**

उड़ रहा परिंदा वक्त की आस लिए



उड़ रहा परिंदा वक्त की आस लिए कुछ खास नहीं बस हर बार आस लिए कल गम की गगन को लिए चल दिए मिलेंगी खुशी की जमीन यहीं आस लिए आखिरी न हो ये पल ये आस लिए कल गम की गगन को लिए चल दिए जख्म जो जीवन में मिला वो कम न हैं उड़ रहा परिंदा वक्त की आस लिए कुछ खास नहीं बस हर बार आस लिए कल गम की गगन को लिए चल दिए। -सोनू कुमार आकाश

सखी री! सरस सरस घन छाए चपल दामिनी चमकत गरजत,मन मोरा बहकाए।

सखी री! सरस सरस घन छाए चपल दामिनी चमकत गरजत,मन मोरा बहकाए। उमड़त घुमड़त श्यामल मेघा, छवि तुम्हरी दिखलाए ज्यूँ घन कारो त्यूं ह्वै मोहन, यहि मोको भरमाए। कहुं दिखत वहि वेणु बजावत, कहुं पै रास रचाए। कहुं पै तोड़ मटकिया माखन, गोपिन बहुत सताए। पावस घन मन चातक बनकर, इत उत शोर मचाए। निरख निरख़ छवि अद्भुत अनुपम, अंतस हिय हुलसाए। नृत्य करै मन भांति मयूरा, पग नूपुर छनकाए। स्वाति बूंद जो मिले हृदय को, घट घट प्यास बुझाए। प्रेम सिंधु रजनी कै हिय का, उमगि उमगि ह्वै जाए। **- रजनी रामदेव**

QUIZ TIME

1) किस संगठन ने 75 कि.मी. की सबसे लम्बी लगातार बिछाई गई लेन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

2) किस स्टेशन से शिरडी के बीच भारत की पहली निजी ट्रेन सेवा को भारत गौरव योजना के तहत हरी झण्डी दिखाई गई?

3) वाटर टैंकों में शैवाल को नष्ट करने के लिए किस रसायन का प्रयोग किया जाता है?

4) लोक लेखा समिति अपनी रिपोर्ट किसे प्रस्तुत करती है?

5) फेडरेशन ऑफइंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन की पहली महिला अध्यक्ष कौन बन गई है?

उत्तरमाला- (1) एनएचएआई (2) कोयम्बटूर (3) कॉपर सल्फेट (4) लोकसभा अध्यक्ष (5) लिसा स्थालेकर

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1788- न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना। 1844- भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म। 1876- कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना। 1945- विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।1951- नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध समाप्त किया। 1953- कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति की शुरुआत। 1956- मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया। 1957- ग्वाटेमाला के तानाशाह कार्लोस कैस्टिलो अरमास की हत्या। 1965- मालदीव ब्रिटेन से आजाद हुआ। 1974- फ्रांस ने मुरूओरा द्वीप में परमाणु परीक्षण किया। 1997- श्रीलंका ने क्रिकेट एशिया कप जीता। 1998- महानतम महिला एथलीट जैकी जायनर कर्सी ने एथलेटिक्स से संन्यास लिया। 2002- इंडोनेशिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति सुहातों के पुत्र को 15 वर्ष कारावास की सज़ा सुनायी। 2005- मुंबई में मूसलाधार बारिश से एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत, जनजीवन प्रभावित। 2005- नासा के शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण। 2007- पाकिस्तान ने परमाणु मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया। 2008- यूरोपीय वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर एक और नये ग्रह की खोज की। 2008- गुजरात के अहमदाबाद शहर में 21 धमाके, 56 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा जख्मी। 2012- सीरिया में हिंसक घटनाओं में एक दिन में करीब 200 लोगों की मौत। 2013- पाकिस्तान के पराचिनार में बम विस्फोट में 57 लोग मारे गये।

डॉ. खूबचंद बघेल की आदमकद प्रतिमा होगी स्थापित : उपाध्याय

■ मार्ग को डॉ खूबचंद बघेल नाम दिया जाएगा : जोगी

■ छत्तीसगढ़िया सांस्कृतिक नृत्य ने मोहा मन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज गुढ़ियारी परिक्षेत्र द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल जंयती पखवाड़ा तहत बीते रविवार को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल का जन्म जंयती एक गरिमामय कार्यक्रम के साथ भारत माता चौक के समीप बढ़ते कदम चौक में मनाया गया। कार्यक्रम आयोजन से पूर्व गुढ़ियारी में विशाल बाईक रैली मनवा कुर्मी स्वजातिय बंधु व भगिनियों द्वारा निकाला गया। सैकड़ों की बाईक रैली में स्वजातिय बंधुओं द्वारा डॉ खूबचंद बघेल के गगनचुम्बी जयघोष और अमर रहे के नारों से पूरा वातावरण देषभक्ति से ओत प्रोत रहा। जंयती अवसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संसदीय सचिव व क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय ने पहले छत्तीसगढ़ महतारी, डॉ खूबचंद बघेल व स्वामी आत्मानंद के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुण्य स्मरण किया। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा देश डॉ खूबचंद बघेल के देश के प्रति बलिदान को याद कर रहा है। उन्होंने अपने छोटे से जीवन काल में व्यक्तित्व व कृतित्व का वो अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसका अनुसरण प्रदेश का पूरा युवा वर्ग करता

है। डॉ. खूबचंद बघेल के पद चिन्हों पर चलकर देश व प्रांत के लिए हर कोई अपनी अमिट छाप छोड़ना चाहता है। डॉ खूबचंद बघेल जी का व्यक्तिव्व बहुआयामी रहा है वे न सिर्फचिकित्सक थे बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, किसान, कवि, साहित्यकार, नाटककार, सामाजिक कार्यकर्ता, कुशल राजनीतिज्ञ आदि भी थे। उनके व्यक्तित्व का पूरा वर्णन करना मतलब सूर्य को दिया दिखाने जैसा है। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि ऐसे विरले प्रतिभा के धनी व्यक्ति से सिर्फ कुर्मी समाज नहीं बल्कि समस्त समाज के लोगों को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। उनके छत्तीसगढ़ के निर्माण को लेकर किया गया संघर्श ही है कि हम आज छत्तीसगढ़ राज्य को यथार्थ रूप से पा पाए हैं। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि डॉ खूबचंद बघेल जैसे बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न व्यक्ति के जीवन पढने मात्र से देशभक्ति मन में स्वस्फूर्त जागृत हो उठती है। इसलिए हम बहुत जल्द पश्चिम विधानसभा अन्तर्गत गुढ़ियारी क्षेत्र में एक विशालकाय आदमकद प्रतिमा डॉ खूबचंद की स्थापित करेंगे। जिसके लिए उचित जगह का निर्धारण प्रशासनिक प्रक्रिया तहत जल्द से जल्द किया जाएगा। कार्यक्रम में विषेश अतिथि के तौर पर निगम में एमआईसी मेंबर व स्थानीय वार्ड पार्षद सुन्दर जोगी ने कहा कि डॉ खूबचंद बघेल ने सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य कर पूर्व में समाज पर व्याप्त ऊंच-नीच को खत्म करने का कार्य किया है। जिसका ही कारण है कि आज हम सभी जाति भेदों को तोड़कर साथ रहकर कार्य कर रहे हैं। न कोई ऊपर न कोई निचे, इस अद्भुत जन कल्याण कार्य के लिए समस्त समाज और प्रत्येक नागरिक उनका ऋणी रहेगा। श्री जोगी ने कहा कि हमने गुढ़ियारी अन्तर्गत अण्डर ब्रिज से लेकर पड़ाव होते हुए मिनीमाता चौक तक मार्ग को डॉ खूबचंद बघेल मार्ग नाम दिए जाने के लिए प्रस्ताव निगम के पटल में रख दिया है। बहुत जल्द इस मार्ग का नामकरण डॉ खूबचंद बघेल मार्ग हो जाएगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी उच्च षिक्षा विभाग के पदुमलाल पुन्नालाल शोधपीठ के अध्यक्ष अधिवक्ता एनडी मानिकपुरी ने डॉ खूबचंद बघेल के कृतित्व व व्यक्तित्व पर सिलसिलेवार प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशु चंद्रवंशी ने भी डॉ. खूबचंद बघेल के कृतित्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन पदुमलाल वर्मा ने दिया। वहीं कार्यक्रम का कुशल संचालन विषेश विद्रोही बघेल व आभार घनश्याम वर्मा ने किया। आयोजन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप सांस्कृतिक प्रस्तुति समाज द्वारा दी गई।

उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य थीम पर बिजली महोत्सव का आगाज

30 जुलाई तक हर जिले में होंगे आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047 - बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आज प्रदेश के तीन जिलों से हुआ। प्रदेशभर के हर जिलों में 30 जुलाई तक बिजली महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें बिजली से आम लोगों के जीवन में आए बदलाव को रेखांकित किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047 कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके तहत हर जिले में दो स्थानों पर बिजली महोत्सव होंगे। इसके तहत आज

धमतरी के कुरुद, गरियाबंद के मैनपुर एवं बलरामपुर में बिजली महोत्सव का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की बिजली बिल हाफयोजना, मोर बिजली एप, मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना, मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया।

साथ ही केंद्र सरकार की सौभाग्य योजना एवं डीडीयूजीजेवाई योजना, कुसुम योजना एवं उपभोक्ता के अधिकार सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बिजली से आम जनजीवन पर में काफी तरक्की हुई है। लोगों का जीवन आसान हुआ है और उनकी सुविधाओं एवं ज्ञान में वृद्धि करने में ऊर्जा बहुत अधिक सहायक हुई है।

इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी सहित केंद्रीय विद्युत उपक्रम आरईसी लिमिटेड, एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रम संयुक्त रूप से शामिल हो रहे हैं। इसमें जिला प्रशासन की भी भागीदारी है। कल 26 जुलाई को सुकमा और सूरजपुर में बिजली महोत्सव का आयोजन होगा।

बिजली महोत्सव के दौरान 30 जुलाई को देश के कुल 100 जिले में माननीय प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़ें रहेंगे। इसमें प्रदेश के पाँच जिलों रायपुर, बिलासपुर, अम्बिकापुर, जगदलपुर, एवं धमतरी को सम्मिलित किया गया है। इसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा ऊर्जा, वैकल्पिक ऊर्जा, वितरण एवं ट्रांसमिशन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की उपलब्धियों, योजनाओं आदि के प्रदर्शन बैनर, पोस्टर, आडियो विजुअल, नुक्कड़ नाटक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जनमत के खिलाफ अग्निवीर भर्ती शुरू करना देश विरोधी कदम : मरकाम

■ मोदी सरकार की अग्निपथ योजना से सेना और युवा दोनों के भविष्य को खतरा

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार के द्वारा सेना में शुरू की गई 4 साल के कॉन्ट्रैक्ट नौकरी की योजना अग्नि पथ में देश के जनमत के खिलाफ जाकर भर्ती शुरू किये जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा सेना भर्ती के लिए बनाई गई अग्निपथ योजना में देश की सेना और युवाओं के भविष्य दोनों के खतरा नजर रहा है। मोदी सरकार के अग्निपथ योजना के खिलाफदेशभर के युवा सड़कों में उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं और सेना के भविष्य को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग, रिटायर्ड सैन्य अधिकारी भी चिंतित नजर आ रहे हैं और सरकार की इस योजना की भर्त्सना कर रहे हैं और योजना को तत्काल वापस लेने की मांग कर रहे हैं ।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी की प्रयोगशाला के इस नए प्रयोग के चलते देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य खतरे में है। 60,000 सैनिक हर साल रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ 3000 को सरकारी नौकरी मिल रही है। 4 साल के ठेके पर हजारों की संख्या में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा? प्रधानमंत्री की नए एक्सपेरिमेंट से देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य दोनों खतरे में है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अग्निपथ योजना में जिस तरह से युवाओं को 4 साल तक के लिए सेना में कॉन्ट्रैक्ट आधारित नौकरी मिलेगी और 4 साल के बाद मात्र 25 प्रतिशत युवाओं को भारतीय सेना में अवसर मिलेगा 75 प्रतिशत को नौकरी से बाहर कर दिया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अग्निपथ योजना के खिलाफ उठ रही आक्रोश को दबाने के लिए भाजपा शासित राज्य की सरकारें युवाओं को 4 साल के बाद अपने राज्यों में नौकरी देने का आश्वासन दे रही है। ऐसे में उन राज्य सरकारों को तो 4 साल बाद नहीं बल्कि अभी वर्तमान समय में अपने यहां युवाओं को नौकरी देना चाहिए। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर देश और प्रदेश की युवाओं को धोखा देने का षड्यंत्र कर रहे हैं। देश का युवा रोजगार मांग रहा है और भाजपा की सरकारें उनके साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, मजाक उड़ा रहे हैं। केंद्र सरकार में विभिन्न सरकारी विभागों में अभी 30 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। मोदी सरकार की नीयत यदि वास्तव में युवाओं को रोजगार देने की है तो तत्कालीन 30 लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। जिस के आसार कम नजर आ रहे हैं।

ओपन स्कूल 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षा 1 सितंबर से

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित मुख्य / अवसर परीक्षा सितम्बर 2022 की समय-सारिणी का निर्धारण किया गया है । जिसमें हायर सेकण्डरी की परीक्षा 01 सितंबर से प्रारंभ होकर दिनांक 21 सितंबर तक एवं हाईस्कूल की परीक्षा 01 सितंबर से प्रारंभ होकर 16 सितंबर तक आयोजित होगी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के अधिकारियों ने बताया कि छात्र/ छात्राएं अपनी परीक्षा से संबंधित समय-सारिणी समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं कार्यालय की वेबसाइट- www.sos.cg.nic.in पर भी समय-सारिणी उपलब्ध है। जिसे छात्र डाउनलोड कर सकते है।

राजीव आश्रय योजना का सर्वे पूरा, सूची का प्रकाशन हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव आश्रय योजना के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों में सर्वे का काम पूरा हो गया है। सर्वे के बाद तैयार की गई सूची नगर निगम कार्यालयों और सभी नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद कार्यालयों ने उपलब्ध है। इस सूची का अवलोकन सामान्य जन एक अगस्त तक कर अपनी दावा आपत्तियां दे सकते है। एक अगस्त के बाद मिली दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजीव आश्रय योजना के लिए प्रकाशित सूची सर्वेक्षण सूची है। इस सूची पर मिलने वाली दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद शासन के निर्देशानुसार पात्रता का निर्धारण किया जाएगा। और पात्र हितग्राहियों की सूची जारी की जाएगी।

प्रत्येक पात्र हितग्राही को 15 रुपये प्रति वर्ग फीट की दर से विकास शुल्क की अदायगी पर राजीव आश्रय योजना के तहत 30 वर्ष का स्थायी पट्टा प्रदान किया जाएगा। हितग्राही अगर इस पट्टे को फ्री होल्ड कराना चाहे तो वह गाइडलाइन दर के 22त्न राशि का भुगतान कर पट्टे पर प्राप्त हुई भूमि का भूमिस्वामी हक प्राप्त कर सकता है।

यह योजना राजीव आश्रय योजना के तहत वर्ष 1984 एवं 1998 में भी प्रदत्त पट्टे पर लागू होगी। 1984 एवं 1998 के हितग्राही भी यदि इस पट्टे की भूमि पर भूमि स्वामी हक चाहते हैं तो वे भी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को पट्टे की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ 11 लड़कियां एवं दो दलाल गिरफ्तार

■ होटल हयात में चल रहा था देह व्यापार का कारोबार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर होटल हयात में दबिश देकर हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने होटल बड़े-बड़े शहरों के 11 लड़कियों एवं दो दलाल को गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कुछ दिनों से लगातार शहर के होटलों में देह व्यापार की शिकायत मिल रही थी। जिससे पुलिस ने अपने प्वाइंटर को नगदी रकम देकर दलाल विप्लव चौरडिय़ा एवं पंकज गोयल नामक व्यक्ति से सौदा तय करने भेजा। सौदा तय हो जाने पर मौका देखकर पुलिस टीम को इशारा किया। जिससे पुलिस के

टीम ने होटल में दबिश देकर होटल के अलग-अलग कमरो में कुछ लड़कियां बैठी थी।

टीम ने दलाल से इस संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार का कराना स्वीकार किया गया। जिससे देह व्यापार में शामिल 11 लड़कियों सहित दलाल विप्लव चौरडिय़ा 34 वर्ष निवासी पचपेड़ीनाका एवं पंकज गोयल 29 वर्ष निवासी अवंति विहार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 14 नग मोबाइल एवं नकदी 8 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि ये सभी लड़कियां दल्ली, गुजरात, हरियाणा, मुम्बई, पंजाब सहित अन्य अलग-अलग राज्यों की निवासी है। पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। वहीं होटल हयात के संचालक को भी नोटिस जारी कर पूछताछ कर रही है।

नशीली दवाओं की बिक्री करते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं की बिक्री करते स्कूटी सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 नग नाईट्रोजन टेबलेट व 15 नग कोडिन फास्फेट सिरफजब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि अवंतिविहार शीतला तालाब के पास एक युवक स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एनके 5980 में प्रतिबंधित नशीली दवाईयों का बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम जीतेन्द्र तांडी 27 वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 500 नग नाईट्रोजन टेबलेट व 15 नग कोडिन फास्फेट सिरफजब्त किया है। जिसकी कुल कीमत करीब 5600 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अब चौबीसों घंटे लहराएं तिरंगा

रायपुर। भारतीय लोकतंत्र के सर्वोच्च प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का अधिकार जन-जन को दिलाने वाले नवीन जिन्दल ने भारतीय ध्वज संहिता (फ्लैग कोड ऑफ इंडिया) में संशोधन का स्वागत करते हुए देशवासियों का आह्वान किया है कि वे अब अपने घर और प्रतिष्ठान पर 24 घंटे तिरंगा

फहराएं। नए संशोधन के अनुसार तिरंगा अब दिन-रात झंडा फहराया जा सकता है। आजादी के अमृत महोत्सव पर सरकार की ओर से भारतीयों के लिए यह बड़ा उपहार है। ट्वीटर के माध्यम से अपने संदेश में श्री जिन्दल ने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण और राष्ट्रहित में दूरगामी फैसला है। अब और अधिक लोग साल के 365 दिन तिरंगा फहराने और तिरंगा के माध्यम से अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जो अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और हर घर तिरंगा पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, उसे पूरा करने में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री नवीन जिन्दल की अध्यक्षता वाले फ्लैग फाउंडेशन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के अपने फैसले में देश के नागरिकों को साल के 365 दिन ससम्मान तिरंगा फहराने का जो अधिकार प्रदान किया था, उसकी आत्मा में हर घर तिरंगा पहुंचाने की बात थी। नवीन जिन्दल का सदैव सपना रहा है कि हर घर पर तिरंगा लहराए। फ्लैग फाउंडेशन उन सपनों को साकार करने के लिए सदैव समर्पित रहा है।

शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के जरिए जरूरतमंदों को मिल रहा निःशुल्क उपचार

■ मोबाइल मेडिकल यूनिट से अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे मरीजों को घर के पास मिल रही इलाज सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। गरीब और किसी कारणवश अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे लोगों को मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के जरिए निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध करवा रहे हैं। जनवरी 2022 से जून 2022 तक की बात करें तो भाव्या हेल्थ सर्विस मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 5.44 लाख से अधिक लोगों को इसका लाभ मिला है।

शहरी स्लम क्षेत्रों के ऐसे गरीब जो अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं उनको उनके घर पर ही चिकित्सकों के जरिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन के जरिए जरूरतमंदों का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट भाव्या हेल्थ सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के जन संपर्क अधिकारी शिबू कुमार ने बताया छत्तीसगढ़

सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दो भिन्न कंपनियां लोगों को सेवाएं दे रही हैं। भाव्या हेल्थ सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 23 जिलों में 74 मोबाइल मेडिकल यूनिट लोगों की सेवा में तत्पर है। योजना के तहत जनवरी 2022 से जून 2022 तक मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा 5.44 लाख लोगों को निःशुल्क इलाज मुहैया कराया गया है। इसके साथ ही 4.32 लाख लोगों को निःशुल्क दवाएं दी गई । वहीं 1.13 लाख लोगों की पैथालॉजी जांच तथा 2,018 लोगों को बेहतर इलाज के लिए अस्पतालों में रेफर किया गया है।

घर के पास हुई जांचए मिली दवा. जांजगीर चांपा की रहने वाली 20 वर्षीय शबनम परवीन ने बतायारू मुझे कई दिनों से पेट में हल्का दर्द और बुखार की शिकायत थी किसी ना किसी कारण से मैं अस्पताल नहीं जा पा रही थी। ऐसे में मोबाइल मेडिकल यूनिट जब घर के करीब आई तो मैंने भी वहां अपनी समस्या बताई। चिकित्सक दल ने मेरी परेशानी सुनी और मेरे खून और पेशाब का सैंपल उन्होंने दिया। जांच रिपोर्ट दूसरे दिन मिलीए जिसमें मुझे यूरीन इन्फेक्शन निकला और दवाएं भी दी गई। उपचार के उपरांत अब मैं स्वस्थ हूं। कांकेर के रहवासी 41 वर्षीय ओमप्रकाश दारो को भी काफी दिनों से हाई बीपी उच्च रक्तचाप की शिकायत थी। ओमप्रकाश ने बताया केसकाल में मैं शिक्षक के रूप में पदस्थ हूं। समयाभाव की वजह से अस्पताल नहीं जा सका प्राइवेट डॉक्टर की सलाह पर बीपी की दवा ले रहा हूं। स्कूल के समीप ही मोबाइल मेडिकल यूनिट आई तो मैंने भी चिकित्सकीय परामर्श लिया। बहुत अच्छी सुविधा है मुझे भी चिकित्सक से परामर्श लेकर अच्छा लगा। मैं अब उनके द्वारा बताए गए सुझावों पर अमल कर रहा हूं।

योजना की शुरूआत. शिबू कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रथम चरण की शुरूआत एक नवंबर 2020 को हुई। शुरूआत में कंपनी ने 35 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सेवाएं दी।

इधर जनचौपाल में मिला आवेदन उधर सोसायटी में पहुंची खाद

■ कलेक्टर डॉ. भूरे ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, किया यथासंभव समााधान

■ 42 लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे ने आज जनचौपाल में जिले के अलग-अलग जगहों से आये लोंगो की समस्याएं और परेशानियां सुनी। आरंग विकासखण्ड के नारा और उसके आस पास के किसानों ने डीएपी खाद की कमी से फसल प्रभावित होनें की आशंका जाहिर करते हुए नारा सोसायटी ने खाद की आपूर्ति करने की मांग की। किसानों के इस आवेदन पर कलेक्टर डॉ. भूरे ने दूरभाष पर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के सीईओ को डीएपी खाद की आपूर्ति तत्काल करने के निर्देश दिए। बैंक के अधिकारियों ने भी कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल अमल करते हुए मंदिर हसौद के भण्डार गृह से 2 ट्रक डीएपी खाद आरंग की नारा सोसायटी के लिए रवाना किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया की किसानों को सोसायटी से खाद लेने में कोई परेशानी ना हों। किसानों के लिए सोसायटी ने जरूरी सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जनचौपाल में आज जिले की अलग-अलग जगहों से कई लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और अपनी समस्याओं तथा परेशानियों के समाधान के लिए कलेक्टर डॉ. भूरे को आवेदन

दिया। आज जनचौपाल में 42 आवेदन मिलें। आज के जनचौपाल में गुढ़ियारी निवासी घनश्याम ने अपनी पुत्री की फीस माफ कराने, महाविद्यालय के छात्रों ने छात्रवृत्ति नहीं मिलने संबंधी, अमलीडीह के कैलाश कुमार कदम ने अन्य द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करने संबंधी, ग्राम जोरा के ग्रामीणों ने तालाब के साफ-सफाई, कबीर नगर के मित्र सिंह साहू ने आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता अनुदान सहित अन्य आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

न्यूज गैलरी

एसएमएस-3 के कन्वर्टर-3 ने मील का पत्थर स्थापित कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (कन्वर्टर) नंबर-3 ने 23 जुलाई 2022 को अपने पहले ही रिफ्रैक्टरी ब्रिक लाइनिंग में 12,000 हीट की लाइनिंग लाइफको पार कर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। पहले ही अभियान में इस उपलब्धि को हासिल करना अद्वितीय है और बीओएफस्टील बनाने में भी इसकी बहुत कम समानता है। बीएसपी की मॉडेक्स यूनिट एसएमएस-3 के बीओएफअर्थात कन्वर्टर-3 को 20 फरवरी 2020 को प्रारंभ किया गया था और तब से यह निरंतर प्रचालन में है। इस अवधि के दौरान फर्नेस ने 2 मिलियन टन से अधिक क्रूड स्टील का उत्पादन किया है। यह उपलब्धि लेजर प्रोफाइलिंग द्वारा रिफ्रैक्टरी लाईनिंग की निरंतर निगरानी और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस करके हासिल किया है। इसने बीओएफकी उपलब्धता में काफी वृद्धि की है और रिफ्रैक्टरी लागत को कम किया है।

सीबीएसई दसवीं के परिणाम में विचक्षण जैन विद्यापीठ के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुम्हारी। सीबीएसई दसवीं कक्षा के परिणाम में, विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया। राघव अग्रवाल 97.8% अंक के साथ विद्यालय में प्रथम रहा। जिसमे अंग्रेजी में 99, संस्कृत में 99, गणित में 100, विज्ञान में 96 और सामाजिक विज्ञान में 95 अंक हासिल किए। भाविक जैन 97.4%, अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे। जिसमे अंग्रेजी में 94, संस्कृत में 98, गणित में 100, विज्ञान में 99 और सामाजिक विज्ञान में 96 अंक प्राप्त किए। हरित चंचानी ने 94.4% अंक हासिल किये जिसमें अंग्रेजी में 95, हिंदी में 87, गणित में 99, विज्ञान में 96 और सामाजिक विज्ञान में 95 अंक हासिल किए। 90% से ऊपर स्कोर करने वाले अन्य छात्र प्रखर कोचर 93.4% पर और दर्शना जैन 90.6% हासिल किये। कुल 56 छात्रों में से 5 छात्रों ने 90% से ऊपर, 17 छात्रों ने 80% से ऊपर और 15 छात्रों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए। विषयवार टॉपर्स राघव अग्रवाल ने अंग्रेजी में 99, राघव अग्रवाल और भाविक जैन ने गणित में 100, भाविक जैन ने विज्ञान में 99, दर्शना जैन ने सामाजिक विज्ञान में 97, राघव अग्रवाल ने संस्कृत में 99 और भाविक जैन ने हिंदी में 98 हासिल किया। विचक्षण जैन विद्यापीठ, के प्रबंधन और निदेशक प्राचार्य ने इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा। जिले के थाना सिंघनपुरी जंगल में प्रार्थना के द्वारा अपने परिजनों के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कि आरोपी राजकुमार पिता गंगाराम मरकाम 32 वर्ष सा. जुनवानी जंगल के द्वारा मुझे घर में अकेला पाकर घर में जबरजस्ती घुस कर बुरी नियत से हांथ बंह पकड़कर बेईज्यत करने की कोशिश करने लगा। जिस पर मेरे द्वारा जोर-जोर से चिल्लाने तथा घर से बाहर निकल कर आवाज देने पर मेरे पिता जी और गाँव वाले आए, तो उन्हें देखकर आरोपी तत्काल भाग गया है। की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा मामला महिला संबंधी होने से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी के द्वारा उक्त घटना की सूचना जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दिया गया। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिंघनपुरी जंगल निरीक्षक आनंद शुक्ला के द्वारा टीम गठित कर आरोपी के पता तलाश हेतू थाना क्षेत्र में रवाना किया गया, जिस पर रिपोर्ट दर्ज होने के महज 03 घंटे के भीतर आरोपी राजकुमार पिता गंगाराम मरकाम उम्र 32 वर्ष सा. जुनवानी जंगल को पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार कर उचित वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिंघनपुरी जंगल निरीक्षक आनंद शुक्ला के कुशल नेतृत्व में थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

युवक ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

नवागढ़। नांदघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंरा में एक युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पत्नी ने कमरा खोलने के लिए पति को आवाज लगाई तो उसका कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद पत्नी के रोने की आवाज सुनकर आसपड़ोस में रहने वाले लोग इकट्ठा हो गए। स्वजन की सूचना पर पहुंची नांदघाट थाने की पुलिस ने कमरे के दरवाजे को तुड़वाकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। वहीं शव पीएम के लिए नवागढ़ अस्पताल भेज दिया गया। सोमवार को पीएम कराने के बाद शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय रविन्द्र कुमार कोशले पिता रामेश्वर प्रसाद कोशले निवासी कुंरा अपने माता पिता, पत्नी और दो बच्चो के साथ घर में रहता था। रविंद्र के माता पिता सोमवार की सुबह 5 बजे खेत में काम करने के लिए निकल गए, उसकी पत्नी सुबह उठकर घरेलू कामकाज में लग गई। सुबह करीब 8 बजे जब रविंद्र की पत्नी ने चाय पीने के लिए रविन्द्र को उठाने गई तो उसने देखा कि उसके कमरे का दरवाजा बंद था। फिर उसने रविंद्र को आवाज लगाई पर उसने दरवाजा नहीं खोला। तब पड़ोसियों की सहायता से देखने पर पता चला कि रविन्द्र ने पंखे पर साड़ी से फांसी लगा ली है और फंदे पर ही उसकी मौत हो चुकी है। इसके बाद पुलिस को इस मामले की सूचना दी गई। बताया जाता है कि रविंद्र पेशे से ड्राइवर था और शराब का आदी था हालांकि युवक ने फांसी क्यों लगाई इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों ने ली 5 दिवसीय सामूहिक अवकाश

निगम में कलम बंद हड़ताल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम द्वारा समस्त छग अधिकारी कर्मचारियों प्रदेश फेडरेशन के आवाहन पर द्वितीय चरण के आंदोलन पर 25 जुलाई से 29 जुलाई तक कलम बन्द हड़ताल पर छग स्वायत्तशासी कर्मचारी के द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर समर्थन दिया गया।इसके तहत आज सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर नगर निगम दुर्ग स्वायत्तशासी कर्मचारी के अध्यक्ष शिव शर्मा, महामंत्री अनिल सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में निगम परिसर से सैकड़ो कर्मचारी रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए हिंदी भवन के सामने हड़ताल स्थल पर पहुचे।उल्लेखनीय है अधिकारियों कर्मचारियों को 22 प्रतिशत महंगाई भत्ता की जा

नगर निगम दुर्ग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी आज कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर केंद्र शासन के समान महंगाई भत्ता की मांग लेकर आज कलम बंद हड़ताल किए। उन्होंने 5 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर पूरा निगम कार्यालय में काम बंद रखा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी 7 फेडरेशन के मंच पर पहुंच कर उन्होंने केंद्र शासन के समान महंगाई भत्ता की मांग। इसके साथ ही हड़ताल शामिल छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री को हमारी मांग माननी होगी। हड़ताल में मौजूद निगम के कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, दौरान राज कमल पालिया, गिरीश दिवान, विनोद मांझी, आरके बोरकर, मोहित मरकाम, पंकज साहू, जावेद अली,

अध्यक्ष शिव शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, करण साहू, मनोहर साहू, नारायण यादव, शुभम गोइर, राजू चंद्राकर, राजू बक्शी शशि कांत यादव, आभा पुले, राजिंदर कौर, हेमलता वर्मा, लव कुश शर्माह्य, किरण अग्रवाल, ईश्वर वर्मा, साक्षी वर्मा, चित्रलेखा चंद्राकर, रेखा कुर्रे, सत्यनारायण शर्मा, संतीश शर्मा समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

सरकारी अधिकारी-कर्मचारी 29 जुलाई तक हड़ताल पर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के सरकारी अधिकारी व कर्मचारी केन्द्र के समान देय तिथि से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान में गृहभाड़ा भत्ता देने की मांग को लेकर सोमवार से कलमबंद-कामबंद हड़ताल पर चले गए। 53 विभाग के करीब 20 हजार अधिकारी-कर्मचारियों का यह हड़ताल 29 जुलाई तक चलेगा। उनके हड़ताल पर जाने से पहले दिन ही शासकीय विभागों के कार्यालयों में कामकाज ठप्प रहा। जिससे अपने कामकाज को लेकर शासकीय कार्यालयों में पहुंचे लोगों में भटकाव की स्थिति निर्मित रही। खासकर शिक्षा स्वास्थ्य, निगम, तहसील, कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे लोग कार्य नहीं होने से परेशान रहे। यह स्थिति हफ्तेभर रहेगी। क्योंकि अधिकारी-कर्मचारी 29 जुलाई तक हड़ताल पर रहेंगे। उसके बाद 30 व 31 जुलाई को शनिवार व रविवार के अवकाश से शासकीय कार्यालय स्वतः ही बंद रहेंगे। हड़ताली सरकारी अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल के पहले दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनरतले हिन्दी भवन के सामने जुटे। यहां उन्होंने धरना

में बैठकर राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। धरना में शामिल कर्मचारी नेताओं ने सभा को संबोधित किया। फेडरेशन के दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे व प्रवक्ता अनुरुप साहू ने डीए और एचआरए नहीं देने को राज्य सरकार द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के मौलिक अधिकार का हनन करना बताया गया है। उनका कहना था कि केंद्रीय कर्मचारियों को फिलहाल 34 प्रतिशत डीए मिल रहा है। जबकि राज्य में डीए 22 प्रतिशत है। जोकि 1 मई 2022 से प्रभावशील किया गया है। गृहभाड़ा भत्ता स्वीकृति के मामले में राज्य सरकार कर्मचारी-अधिकारियों का आर्थिक शोषण कर रही है।राज्य में 1जनवरी 2016 से सातवाँ वेतनमान लागू हो गया था, लेकिन कर्मचारी-अधिकारियों को आज पर्यन्त छटवे वेतनमान के मूलवेतन पर एचआरए दिया जा रहा है।

शकुंतला विद्यालय भिलाई के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नई दिल्ली द्वारा आयोजित हाई स्कूल 2022 परीक्षाफ ल 22 जुलाई को घोषित हुआ। जिसमें शकुन्तला विद्यालय रामनगर भिलाई ने हमेशा की तरह ''कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा'' के माध्यम से पालकों के विश्वास को बनाये रखा। विद्यालय से कुल 211 विद्यार्थी सम्मिलित हुये । विद्यालय का 2022 का परीक्षाफल 99.5 प्रतिशत रहा। कुल 16 विद्यार्थियों ने 90ः से अधिक अंक प्राप्त किये । भूमिका सिंह 98.4ः अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रही। तसनीम हाशमी 97ः द्वितीय स्थान, सिद्धांत सिंह 95.8ः से तृतीय स्थान पर रहें। अंग्रेजी में 99, गणित में 97, हिन्दी में 99, विज्ञान में 98, सामाजिक विज्ञान में 100, इनफार्मेशन टेक्नालॉजी 98 उच्चतम अंक रहे। उत्कृष्ट परीक्षाफ ल के लिए शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने प्राचार्यो, उपप्राचार्यो एवं संबंधित शिक्षकों को बधाई देते हुये अपने विद्यार्थियों और उनके पालकों को सराहना करते हुए उनको अपने पाल्य की उच्च शिक्षा के लिये सहयोग देने की अपील भी की। जिससे विद्यालय उत्तम से अतिउत्तम परीक्षाफ ल की ओर अग्रसर रहने का प्रयत्न करता है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए स्कूल प्राचार्यद्वय विपिन कुमार, एजुकेशन एडवाइजर गजेन्द्र भोई आरती मेहरा, प्रबंधक ममता ओझा, मैनेजर व्ही. दुबे, अभय दुबे, उपप्राचार्या जी.रंजना कुमार, अनिता नायर, हेड मिस्ट्रेस अर्चना मेश्राम, सीनियर मिस्ट्रेस बलजीत कौर एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

दो दिवसीय योग प्रतियोगिता का आयोजन 30 से

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ के द्वारा दो दिवसीय आचार्य पंडित प्रेम नारायण शर्मा की स्मृति में राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन 30-31 जुलाई को साईं बाबा मंदिर सेक्टर 6 भिलाई नगर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 14 जिले से 250 खिलाडियों की भाग लेने की संभावना है।

इस प्रतियोगिता में 6 ग्रुप में 9 से 14 वर्ष बालिका ,10 से 15 वर्ष बालक ,14 से 19 वर्ष बालिका, 15 से 20 बालक ,19 से 27 बालिका, 20 से 28 बालक वर्ग में प्रतियोगिता होगा। जिसमें 3 इवेंट पारम्परिक, कलात्मक, लयात्मक और ग्रुप में होगा। यह जानकारी संस्था के सचिव अजित पंडा ने प्रेस को दी।

ऊर्जावान मर्चेंट मिल टीम ने फिर बनाया उत्पादन का दैनिक और पाली कीर्तिमान

ह्यह्यनव प्रदेश संवाददाता

भिलाई । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल की ऊर्जावान और प्रेरित टीम ने एक बार फिर से दैनिक और शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया है। टीएमटी बार्स सहित चैनल और एंगल जैसे लाइट स्ट्रक्चर्स को रोलिंग करने वाली मिल वर्तमान में 50×50×6 एंगल को रोल करने के लिए दो रीहीटिंग फर्नेस के साथ काम कर रही है। हाल ही में इस ग्रेड के लगभग 10 वैगन भेल, हैदराबाद को भेजे गए हैं।

पाली प्रभारी व सहायक महाप्रबंधक (ऑपरेशन) श्री महंत यादव और सहायक प्रबंधक श्री जैकब थॉमस के नेतृत्व में 24 जुलाई 2022 को ए शिफ्ट ब्रिगेड ने 50×50×6 एंगल के 625 टन (1865 पीस) को रोल कर एक नया शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया। 21 जुलाई 2022 को 600 टन (1790 पीस) रोल करने के पिछले रिकॉर्ड पीछे छोड़ते हुए यह नया रिकॉर्ड बना है। उल्लेखनीय है कि इसके एक दिन पहले 20 जुलाई, 2022 को ए शिफ्ट में टीम ने 50×50×6 एंगल के 586 टन (1750 पीस) को रोल किया था। 20 जुलाई, 2022 को स्थापित 1631.4 टन के कीर्तिमान को पीछे छोड़ते हुए 24 जुलाई 2022 को मर्चेंट मिल द्वारा 50×50×6 एंगल के 1640 टन (4895 पीस) रोलिंग का नया दैनिक रिकॉर्ड भी दर्ज किया गया।

आज दिनांक 25 जुलाई 2022 को कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने मर्चेंट मिल का दौरा किया। मर्चेंट मिल बिरादरी और उनके नेतृत्व को नया रिकॉर्ड बनाने और लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेज) एसएन आबिदी ने भी टीम को शुभकामनाएं दी।

आयुक्त ने शिवनाथ इंटकवेल एवं न्यू बस स्टैंड में साफ सफाई का किया निरीक्षण

न्यू बस स्टैंड में सड़क किनारे अतिक्रमण व गंदगी देख भड़के आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज अलसुबह शिवनाथ इंटक वेल का आज निरीक्षण करते हुए जल प्रदाय सुचारू रूप से जारी रखने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही जल प्रदाय के लिए किसी भी प्रकार की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को तैयार रहने कहा हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया और उपस्थित अधिकारियों को जल प्रदाय निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। जलकार्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इंटकवेल के आसपास नदी में बहकर आने वाली जलकुंभी, झिल्ली, पन्नी, बोरी इत्यादि फसे हुए थे। इसके लिए लगातर कर्मचारियों के माध्यम से सफाई कराई जा रही है।उसके बाद आयुक्त श्री सर्वे ने न्यू बस स्टैंड में कोयले से भट्ठी जलाकर प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को अर्थदंड की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। न्यू बस स्टैंड में 3 दुकानदार द्वारा गैस का उपयोग ना करते हुए कोयला लड्डू का उपयोग किया जा रहा है उसके ऊपर भी जुर्माना की कार्यवाही करने को कहा गया।बस स्टैंड के आस पास सड़क किनारे फल ठेले,पान ठेला सहित सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालो पर जुर्माना के साथ साथ सामान जब्त करने के लिए निर्देशित किया।दुकानों का निरीक्षण किया। मास्क नहीं लगाने वाले दुकान संचालकों व लोगों को मास्क लगाने, शारीरिक दूरी का पालन करने की समझाइश दी। बस स्टैंड में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया,लोगों से रूबरू होकर सफाई का हाल जाना। नया बस स्टैंड में दुकानदारों द्वारा गंदगी करते पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए।

आईएससी बोर्ड परिणामों में छात्र-छात्राओं का सुयश

दुर्ग। 12 वीं बोर्ड परीक्षा आई.एस.सी. के परीक्षा परिणाम 24 जुलाई को घोषित किये गये। बोरसी स्थित सेंट जेवियर्स शाला के छात्रो का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शाला के प्रतिभावान छात्रों में क्रमशः भूमि देवांगन ने 92.5 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीयूश चन्द्राकर ने 92.25 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया । तथा उन्हें गणित-विषय मे 100 में से 100 अंक मिले जो हमारी शाला के लिए गौरव का विषय हैं। मा. शिखर वर्मा 88% अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों ने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपने शिक्षको को दिया तथा उनके मार्गदर्शन एवं अनुशासन में रहकर शीर्ष स्थान को प्राप्त किया। छात्रों को उनकी उपलब्धि पर शाला प्रबंधक डॉ. ए.एफ पिंटो एवं प्रबंधक डॉ ग्रेस पिंटो ने शुभकामना संदेश प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महापौर बाकलीवाल ने किया सफाई कार्य का निरीक्षण

दुर्ग (नव प्रदेश)। विगत दिनों हुई तेज बारिश व नदी में पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण दोनों इंटेक वेल में काफी मात्रा में मिट्टी के साथ जलकुंभी जमा हो गई थी जिसके कारण शहरवासियों को पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो सकी थी। यह प्राकृतिक आपदा के रूप में अत्याधिक बारिश से हो जाता है नगर निगम ने दिन-रात तीनों शिफ्ट में स्पेशल एक्सपर्ट टीम लगाकर दोनो इंटेक वेल की सफ ाई कराई है। लगातार बारिश के चलते यह कार्य जोखिम का हो जाता है क्योंकि टीम को नदी के लेवल से लगभग 40 फीट नीचे जाकर इंपैलर और फुट वाल्व के कचरे, मिट्टी, जल कुंभी आदि को साफ किया जाना होता है किंतु विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल,जल कार्य प्रभारी संजय कोहले, एमआईसी प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया तथा निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे की सतत मॉनिटरिंग, मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश से दोनों इंटेक वेल की सफ ाई कराई गई। निगम प्रशासन अति आवश्यक सेवा के प्रति संवेदनशील है एक्सपर्ट विशेष गैंग से सफ ाई का कार्य लगातार जारी रहेगा पूर्व में भी अत्याधिक बारिश होने पर ऐसी स्थिति आई है मौसम अनुकूल होने पर अभी समस्त वार्डों में सप्लाई का प्रयास किया जा रहा है महापौर स्वयं इंटेक वेल में 20 फीट की गहराई में नीचे उतरकर इस प्राकृतिक आपदा से निपटने जय प्रदाय टीम के साथ कार्य कराए है कल 26 जुलाई से जल प्रदाय दोनो समय में सामान्य किए जाने निगम प्रयासरत है। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आवश्यकतानुसार जल प्रदाय किया जा रहा है।

नाम परिवर्तन

मै शपथकर्ता धनंजय साहू पिता स्व. दुकालू राम साहू, उम्र 21 वर्ष निवासी-वृन्दा नगर शिवपारा बोरसी, वार्ड नं. 51, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का रहने वाला हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं।

1. यह कि, मै शपथकर्ता के नाम व पता उपरोक्त अनुसार है।
2. यह कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै धनंजय पिता स्व. दुकालू राम साहू, उम्र 21 निवासी- वृन्दा नगर शिवपारा बोरसी, वार्ड नं. 51, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम धनंजय को जो नाम धनंजय साहू पिता स्व. दुकालू राम साहू, करवाना चाहता हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों मेरे नये नाम धनंजय साहू पिता स्व. दुकालू राम साहू, के नाम से ही पहचाना जावे।

सत्यापन :- मै शपथकर्ता धनंजय साहू पिता स्व. दुकालू राम साहू, उम्र 21 वर्ष निवासी- वृन्दा नगर शिवपारा बोरसी, वार्ड नं. 51, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. यह सत्यापित करता हूं कि, इस शपथ-पत्र की कंडिका क्रमांक-01 से लेकर 02 तक की संपूर्ण जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है, जिस पर आज दिनांक 25/07/2022 को दुर्ग में हस्ताक्षर कर दिया।

शपथकर्ता

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202206093700022//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भवगती बाई ध.प झुमुक लाल कंडरा एवं अन्य, निवासी-लखोली नाका, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला लखोली स्थित शीट क्रमांक-61 सी. भूखण्ड क्रमांक 15/3, क्षेत्रफल 98.00 वर्गमीटर जो कि धारकगण भगवन्ति बाई बे. झुमुकलाल, रामखिलावन वो चंदुलाल आ झुमुकलाल, निवासी-लखोली नाका के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि पर माननीय न्यायालय के निर्णय/डिक्री के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 12.08.2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जाचं अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-210//अ-20(3)/वर्ष2021 -22

आवेदक लक्ष्मीकांत इन्दुरकर आ. स्व. मल्हार राव इन्दुकर निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वार इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 29 सी प्लाट नं. 181 रकबा 82 वर्गमीटर भूमि धारक मल्हार राव आ. मुकुन्द राव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 24/6/2018 को हो चुकी है। मृतक धारक का वारिसान उनके पुत्र-पुत्री लक्ष्मीकांत, आकाश, आभा, विभा, निभा है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपतिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 08/8/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/7/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202207101000180/202207101000180

विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरूद प.ह.न. 00050 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / आशिष कुमार जोशी अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक आशिष कुमार जोशी पिता/पति/विभाग स्व. गजानन जोशी पता कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19अ रा. नि. मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1258 रकबा 0.050 हे. है जो आवेदकगण की दादी श्रीमती पार्वती पति स्व. श्रीधर राव के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी श्रीमती पार्वती पति स्व. श्रीधर राव एवं श्रीधर राव पिता स्व. धजिबा की मृत्यु पूर्व में हो गया है एवं पिता जी.एस.जोशी (गजानन जोशी) पिता श्रीधर जोशी की मृत्यु दिनांक 06/09/2003 को हो जानं के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत फौती नामांतरण आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 16/8/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/7/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बीना चीजी मैथ्यू आ. के.जी.जाज साकिन स्मृति नगर जुनवानी द्वारा ग्राम जुनवानी प.ह.न. 15/53 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 433/17 रकबा कुल 0.010 (1500 वर्गफीट) जो उसके स्व. के.जी. जार्ज आ. गीवर्गिस के द्वारा उसके नाम पर वसीयतनामा निष्पादित किया है, के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबात आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयतनामा के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05/08/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 20220710330142/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुम्मत राम साहू आ. अंकालू राम साहू निवासी वार्ड 57 उरला तह. व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया हे कि सुमित्रा बाई के नाम पर मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 472/2 रकबा 0.008 हे. भूमि को सिविल डिक्री के आधार पर आवेदक के नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है आवेदन में बी-1, सिविल डिक्री आदेश की छायाप्रति संलग्न है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/8/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ललिता बाई ध.प. स्व. डोमनलाल सपहा साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1107/2 रकबा 0.560 हे. जो उसके स्व. डोमनलाल सपहा/रामलाल के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05/08/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 20220710330140/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवनीत कुमार शुक्ला आ. स्व. राजकुमार शुक्ला निवासी कन्हैयापुरी कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 658/21 रकबा0.018 हे. भूमि आवेदक के माता हीरा शुक्ला व पिता राजकुमार शुक्ला के नाम पर वर्तमान पटवारी अभिलेख में दर्ज है जिसमें से हीरा शुक्ला की मृत्यु 15/6/2017 एवं पिता राजकुमार शुक्ला की मृत्यु 20/8/2020 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा फौती नामांतरण करने हेतु आवेदन मय मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 08/08/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

शासन-प्रशासन नहीं सुन रही फरियाद तो युवाओं ने मिलाया हाथ, कर दिया गांव का दलदल साफ

■ मोखा के युवाओं ने की पहल, एकजुटता की मिसाल पेश

बालोद/नवप्रदेश। शासन प्रशासन से सीसी रोड की मांग करते थक चुके हैं। पर आज तक स्वीकृति नहीं मिली है। जन चौपाल में भी यह मुद्दा उठा चुके हैं और कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में मोखा (रजौली) के युवाओं ने स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी को देखते हुए स्कूल जाने के मार्ग सहित विभिन्न गलियों व नालियों से दलदल हटाने का काम किया। यहां के युवाओं ने एकजुटता का परिचय दिया और सबने मिलकर दलदल साफ किया। ताकि कम से कम इस बरसात में रास्ता चलने लायक तो हो। परेशानी इतनी है कि दलदल से गुजरने से बचने के लिए यहां गलियों में ईट बिछाकर रास्ता बनाया गया है। टूटे-फूटे ईंटों पर पैर रखकर बच्चे और ग्रामीण आना-जाना करते हैं। कई बार ईट टूट जाए तो वहीं पर कीचड़ में गिरना पड़ता है। पर ऐसी मुसीबत के बीच भी नई पहल नया सोच से रविवार को ग्राम मोखा में युवाओं ने एकजुट होकर ग्राम की साफ सफाई और ग्राम व्यवस्था के अंतर्गत कच्ची नाली निर्माण और सीसी रोड में कीचड़ की साफ सफाई किया । यह कार्य लोगों को स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हुआ। गांव की साफसफाई कीचड़ भरे नाली एवं आसपास की साफ सफाई किए। जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। इस दिशा में ग्रामीणों के कई प्रयास के बावजूद पंचायत और ग्राम सभा में अवगत कराने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। युवकों और ग्रामीणों ने मिलकर कच्ची नाली और सीसी रोड से मिट्टी एवं फैले हुए कीचड़ की सफाई की। सीसी रोड तक इतनी खस्ताहाल हो चुकी है कि बरसात में सड़क पर पूरा मिट्टी आने से फिसलन की स्थिति निर्मित होती है। ज्यादातर स्कूली बच्चे जो पढ़ने जाते है वे कीचड़ मेंगिर जाते है, ग्राम पंचायत को इस संबंध मे आवेदन, गुहार लगाने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा विकास की दिशा में उचित प्रयास नहीं होने से ग्रामीण सुविधाओं के लिए तरस रहें हैं। युवाओं ने बताया कि जन चौपाल ग्राम में आयोजित किया गया था। जिसमें नोडल अधिकारी को भी पत्र लिखा गया है। रविवार को ग्राम के नव युवक ने मिलकर गांव में अभियान चलाया। जो अन्य लोगों के लिये सीख देती है।

इस अभियान में लक्ष्मीनारायण, शिवसागर, गौकरण, दयाराम, टिकेश दावना, हरीश सार्वा, देवव्रत दावना, जयप्रकाश, धीरज, रुस्तम, तुषार, योगेंद्र साहू, लव कुमार, योगेंद्र कुमार, मनोज, कोमल कुमार, उमाकांत, जागेश्वर, मिलेंद्र, जितेंद्र, टेमन लाल, ओमेंद्र कुमार, लक्की,धनेश्वर ने योगदान दिया।

अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल का खासा असर

भटगांव/नवप्रदेश। अधिकारी-कर्मचारी बिलाईगढ़ फेडरेशन की प्रस्तावित हड़ताल का समस्त अधिकारी कर्मचारी समर्थन कर रहे है बिलाईगढ़ के सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों ने बिलाईगढ़ के दसहरा मैदान में हड़ताल आरम्भ किया । बतादे अधिकारी कर्मचारियो की कामबंद हड़ताल में प्रमुख रूप से 2 मांगे सम्मिलित है जिसमे सबसे पहले देय तिथि से 34त्न महंगाई भत्ता दूसरा सातवे वेतन पर गृहभाड़ा भत्ता देने की मांग किया गया है ।

ब्लॉक संयोजक बी एल चंद्राकर ने बताया अगर हमारी मांग पूरी नही होती तो यह कार्यक्रम चतुर्थ चरण में किया जाएगा जो अनिश्चित कालीन हड़ताल होने वाली है ।कर्मचारी संगठनों के द्वारा केन्द्र के समान महंगाई भत्ता देय तिथि से देने और सातवें वेतनमान की अनुशंसाओं के अनुरूप गृहभाड़ा भत्ता प्रदान किए जाने की मांग वर्षो से की जा रही है लेकिन अभी तक पूरी नही हुई है मांगों को मनवाने प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी कामबंद कर दिए हैं.मांगे पूरी नहीं होने के कारण पूर्व प्रस्तावित कर्मचारियों की पांच दिवसीय हड़ताल 25 जुलाई सोमवार से प्रारंभ हो हुई है. जिसमें सरकारी काम-काज पूरी तरह ठप रहने का दावा किया जा रहा है.

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान है छत्तीसगढ़ स्तर पर यह कार्यक्रम चल रहा है 25 तारिक से लेकर 29 तारिक तक जब तक मांग पूरी नही होती तक तक हमारा हड़ताल जारी रहेगा ।

हमारी मुख्य मांग है गृह भाड़ा और महंगाई भत्ता

हमारी मुख्य मांग है गृह भाड़ा और महंगाई भत्ता है जो हमे केंद्र के समान मिलना चाहिए हो हमे नही मिल रहा है और हम कई वर्षो से मांग कर रहे है लेकिन पूरी नही हुई जिस वजह से रोड पर आज उतरना पड़ा।

ब्लाक कांग्रेस की आवश्यक बैठक संपन्न

साजा/नवप्रदेश। विश्राम गृह साजा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक गतिविधियां को लेकर आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में अनूप सिंह बैंस जिला निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा, अशोक कसार ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी साजा, बंशी पटेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष, संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा एवं राजीव गुप्ता ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी की आतिथ्य सम्पन्न हुई। वहीं डीआरओ एवं बीआरओ द्वारा संगठन में आगामी दिनों में होने वाली निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी विस्तार पूर्वक सभी कार्यकर्ताओं को दी गई एवं सभी कार्यकर्ताओं को संगठन में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहीं। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी मनोज जायसवाल, परस सिन्हा अध्यक्ष, विजय दुबे अध्यक्ष सेवा सहकारी, किलुश यदु, राजेश चंदेल, बिहारी साहू एवं अन्य कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

मोहितेश को पुलिस अधीक्षक ने प्रदान किया रेंजर साइकिल

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह की एक अनूठी पहल जिसके तहत थाना नवागढ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू के सुपुत्र मोहितेश साहू 10 वीं सीबीएसई परीक्षा में पूरे जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर बेमेतरा जिले को गौरवान्वित किए हैं। उनके उत्साहवर्धन हेतु एसपी बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने बालक मोहितेश साहू को रेंजर सायकिल प्रदान कर भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विषम परिस्थितियों में अपने नैतिक बल ऊंचा रखना, परिस्थितियों से लड़ने के लिए कई उदाहरण प्रस्तुत कर टिप्स दिये गए। इस अवसर पर थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक अजय सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, तुलाराम देशमुख एवं अन्य थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

भाजपा चलाएगी हर घर तिरंगा अभियान

■ जिला प्रभारी बने बाफना, अवधेश और विकास दीवान

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी 'हर घर तिरंगा अभियान' समेत देशभक्ति जगाने वाले अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में प्रदेश के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधिगण एवं पार्टी के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

इसी को लेकर अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा बेमेतरा जिला में इस अभियान के सफ्ल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है, जिसमें पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफ्ना, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल एवं जिला महामंत्री विकास धर दीवान को अभियान के संचालन का प्रभारी बनाया गया है।

जिला महामंत्री विकास दीवान ने बताया कि 'हर घर तिरंगा अभियान' 9 से 15 अगस्त तक जिले के गांव-गांव ने में मनाया जाएगा। जिले के हर घर में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 9 से 11 अगस्त तक प्रचार-प्रसार, देश भक्ति जगाने के लिए वातावरण निर्मित करना, तिरंगा यात्रा निकालना, हाट बाजारों मेलों, सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग लगाने जैसे कार्यक्रम होंगे। 11 से 13 अगस्त को प्रत्येक वार्ड एवं गांव में रघुपति राघव राजाराम भजन एवं वन्दे मातरम गीत के साथ प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फ्हराने के आयोजन में सभी महापुरुषों के प्रतिमाओं चौक चौराहों एवं सार्वजनिक भवनों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फ्हराने का कार्यक्रम होगा।

दीवान ने बताया कि इस अभियान के मद्देनजर तिरंगा अभियान के विधानसभा प्रभारी भी बनाए गए है। जिसमें साजा विधानसभा में लाभचंद बाफ्ना, राजेश ठाकुर व चन्द्रप्रकाश शर्मा, बेमेतरा विधानसभा में अवधेश सिंह चंदेल, संजीव तिवारी, राकेश मोहन शर्मा एवं नवागढ़ विधानसभा में दयालदास बघेल, दयावंत धर बांधे व मधु रॉय को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह मण्डल प्रभारी भी नियुक्त किए गए है, जिसमें मारो मण्डल में नरेंद्र शर्मा, हरिकिशन कुर्रे व जितेन्द्र मात्रे, नवागढ़ मण्डल में गिरेन्द्र महिलांग, देवादास चतुर्वेदी व जगजीवन खरे, खण्डसरा मण्डल में होरीलाल सिंहा, कृपाशंकर त्रिपाठी व महेंद्र जायसवाल, परपोड़ी मण्डल में रामराज वर्मा, सतीष जैन व ज्वाला सिंह, साजा मण्डल में विनोद शर्मा, राधे वर्मा व नारद देवांगन, थान खम्हरिया मण्डल में सुरेश सिंघानिया, पुरण कश्यप व अनिल सिंघानिया, भिम्भौरी मण्डल में राजू क्षत्रिय, भोला वर्मा व चन्द्रहास, बेमेतरा ग्रामीण मण्डल में डेरहाराम देवांगन, भागीरती साहु व मोनू पाल, बेरला मण्डल में गौकरण साहू, डोमेन्द्र राजपूत व बलराम यादव एवं बेमेतरा शहर मण्डल में विजय सिन्हा, निशा चौबे व विकास घरडे को जवाबदारी दी गयी है।

खम्हरिया पुलिस ने सटोरियों पर की कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना खम्हरिया पुलिस को 23 जुलाई को मुखबीर के सुचना मिली कि ग्राम ठेलका, बेलतरा मोड के पास आम जगह में अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा - पट्टी लिख कर जुआ खेला रहा है कि सूचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ मौके पर पहंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर सट्टा - पट्टी लिखते रंगे हाथो पकडे गये। जिसमें 2 प्रकरण में 2 आरोपीयों हेमु यादव पिता नेतराम यादव उम्र 19 साल, अफ्रोज कुरैशी पिता मोहम्मद कुरैशी उम्र 20 साल दोनो साकिनान जमुनिया थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के कब्जे से कुल जुमला नगदी रकम 2150 रूपये एवं सट्टा पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन शुरु

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन* के आह्वान पर सामूहिक अवकाश लेकर सोमवार को जनपद पंचायत के पास धरना प्रदर्शन किया गया । यह आयोजन शुरुवाती रूप से 29 जुलाई तक चलेगा। सोमवार को धरनास्थल में सभी कर्मचारीगण के साथ-साथ पेंशनधारी संघ के पंसारी , रघुनाथ पटेल, अशोक पंत, रमेश वर्मा आदि पेंशनरों ने भी अपना मत और विचार रखे, साथ ही अपना अनुभव सरकार से आन्दोलन की वाकयों से परिचय कराये ।समस्त कर्मचारी संघ के पदाधिकारीगण अपने-अपने विचार रखे और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति की भर्त्सना किये और कर्मचारी हित में नारेबाजी भी किये । ब्लाक संयोजक रमेश वर्मा ने दूसरे दिन मंगलवार को सभी कर्मचारी अधिकारी कामरेडगण को निर्धारित समय 11:00 बजे से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर आंदोलन को सफ्ल बनाने की अपील की गई।

मुख्यमंत्री से की छात्र संघ चुनाव कराने की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी महाविद्यालय में वर्ष-2016 के बाद से छात्र संघ चुनाव नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण प्रदेश के लाखों छात्रों की आवाज शासन और प्रशासन तक नहीं पहुंचती। छात्र प्रतिनिधि नहीं होने के कारण महाविद्यालय के प्रोफेसर व प्राचार्य तक छात्र अपनी समस्याओं को नहीं रख पाते हैं। इस वजह से छात्र-छात्राओं की आवाज हर साल दबाई जा रही है, जिसके कारण आज राज्य में पढ़े लिखे युवा छात्र नेता की कमी साफ-साफ देखने को मिली हैं।

इसी कड़ी में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व शहर अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के परमेश्वर पात्रे ने कहा कि छात्र संघ चुनाव होने से छात्रों के बीच एक प्रतिनिधि आता हैं, जो छात्र छात्राओं की प्रत्येक समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहता है व क्षेत्र को एक पढ़े-लिखे नेतृत्व करता भी मिलता हैं। जो आगे चलकर क्षेत्र में एक जनप्रतिनिधि के रूप में उभरकर सामने आता हैं, क्योंकि छात्र नेता संपूर्ण शिक्षा दीक्षा लेने के पश्चात राजनीति में प्रवेश करता हैं, जिससे राजनीति में एक नई दिशा और दशा देखने को मिली हैं। इससे पहले भी पूर्व में छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े छात्र नेता आज बड़े-बड़े पदों पर आसीन हैं। जिस की मांग करते हुए परमेश्वर पात्रे ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव विधायक नवागढ़ गुरदयाल सिंह बंजारे से मांग की है। इस वर्ष महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराए जाएं, जिससे छात्र छात्राओं की आवाज को दबने ना दी जाए। मांग का समर्थन करते हुए नवागढ़ महाविद्यालय के विभिन्न छात्र छात्राओं ने पात्रे के समर्थन दिया, जिसमें मुख्य रूप से शिखा गेडाम, अजित चतुर्वेदी, श्वेता तिवारी, अनिल घृतलहरे, देवेंद्रराज, धनेश्वर ध्रुव, परागराज जांगड़े, निखिल चौबे, शशीन गोयल, खेमराज दिवाकर, विजय, सुशील, जलेश्वर यादव, भुनेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, कृतिका साहू, शतरूपा कोसले, पूजा कुर्रे, दंतेश्वरी, हेमा वारे, गायत्री साहू, राहुल भास्कर, गेंदलाल, देव कुमार, भारती साहू, सत्तू, नीतू, शुभम, मधु, राजेंद्र साहू, धर्मराज, नंदकुमार सहित बड़ी संख्या में नवागढ़ महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने समर्थन दिया।

जिला पंचायत सीईओ ने सहसपुर-लोहारा विकासखंड के गौठानों का किया निरीक्षण

■ गौठानों में विभिन्न आर्थिक गतिविधियां संचालित करने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने गत दिवस सहसपुर लोहारा विकासखंड के विभिन्न गौठानों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम बचेड़ी, इरिमकसा, धनगांव और बिरेन्द्रनगर के गौठान में स्व सहायता समूह की महिलओं से गौठान में चल रहे कार्यो की जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने ग्राम बचेड़ी के गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं से गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, विक्रय एवं भुगतान राशि की जानकारी ली। उन्होंनें कहा कि शासन के मंशानुरूप गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित किया जाना है।

इसके लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए कार्य शेड निर्माण, दाल मिल, बिजली कनेक्शन और अतिक्रमित चारागाह को मुक्त कर बाड़ी विकास कार्य के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने इरिमकसा गौठान में दाल मील, शेड निर्माण सहित मछली पालन करने के लिए निर्देश दिए। ग्राम धनगांव के गौठान में सब्जी बाड़ी एवं डबरी निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। ग्राम बिरेन्द्रनगर गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के कार्य करने के लिए शेड़ निर्माण, मछली पालन एवं बाड़ी विकास कार्य के लिए निर्देश दिए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रवाल ने कहा कि गौठान में कार्यरत स्व-सहायता समूह के महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिति बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाए।

प्रति सदस्य आमदनी बढ़ाने के लिए गौठान में एक से अधिक गतिविधियां संचालित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान लोहारा जनपद सीईओ सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

महिला सरपंच की पहल से सिखे अन्य सरपंच : प्रज्ञा

■ समूह की महिलाओं संग प्रज्ञा निर्वाणी ने की हल्दी बाड़ी की निंदाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। गांव की बंजर पड़ी जमीन को स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जी तोड़ मेहनत कर सब्जी बाड़ी में बदल दिया। मौका मिले और काम करने की नियत हो तो संभावनाओं की सीमा को लांघा जा सकता हैं। आज ये बात झाल के सिद्धि स्व सहायता समूह की महिलाओं ने सिद्ध कर अपने समूह के नाम को सार्थक कर दिया हैं। उक्त बातें जिला पंचायत की सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने हल्दी बाड़ी के निरीक्षण के दौरान कहीं।

उन्होंने समूह के महिलाओं के साथ हल्दी और सब्जी बाड़ी की निंदाई भी की। समूह की अध्यक्ष सतरूपा साहू ने जिला पंचायत सदस्य को बताया कि सरपंच की सक्रियता और मार्गदर्शन से गांव के 5 एकड़ बंजर खाली पड़ी जमीन में हम समूह की महिलाएं मिलकर हल्दी और भिंडी, चुरचुटिया, लौकी गांव के मवेशयियों के चारा के लिए बाजरा उगा रही हैं। अंधियारखोर नर्सरी से उद्यान निरीक्षक शिशिर ठाकुर ने 1.50 क्विंटल हल्दी और सब्जी की उपचारित बीजों और पौधों को निशुल्क दिया हैं, हम मेहनत करने में पीछे नही हटेंगी। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि जिस लगन से सरपंच पिंकी गज्जू वर्मा गाँव और महिलाओ के विकास में लगी है, यह उल्लेखनीय हैं। इससे सभी पंचायत के सरपंचों को प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। स्व सहायता समूह की सचिव महेश्वरी साहू, यशोदा साहू, लुकेश्वरी साहू, अश्वनी वर्मा, यशोदा वर्मा, सीता साहू, रामकली साहू, शुशीला वर्मा, सहोदरा वर्मा ने कहा झाल की नई पहचान ये हल्दी बाड़ी बनाएंगे। आस-पास के गांवों की हल्दी की जरूरत हम यहीं से पूरी कर लेंगे। अपेक्षित सहयोग और मार्गदर्शन के लिए शिशिर ठाकुर और कृषि अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत सदस्य निर्वाणी ने हल्दी बाड़ी में फ्लदार पौधे लगाए। समूह की महिलाओं ने कहा दीदी ये आपकी चिन्हारी रहेगी।

18 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर को अत्याधुनिक लेबर टेबल प्रदाय

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नयन एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की जानी है जिसके तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं में सुरक्षित संस्थागत प्रसव को ध्यान में रखते हुए जिले के विकासखण्ड बेरला, बेमेतरा, साजा, नवागढ़ में 18 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों में पुराने प्रसव टेबल की जगह नये अत्याधुनिक लेबर टेबल मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा द्वारा प्रदाय किया गया है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग
जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर
E-mail : zoneonebhilai@gmail.com
क्र./जोन-1/जोन. आयु./2022/556/190 सी दिनांक 22/07/2022

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा कार्यालयीन निविदा सूचना का विज्ञापन क्रमांक/ लो.क.वि./ जोन-1/550 दिनांक 22.07.2022 को जारी किया गया है। किन्तु अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा निरस्त किया जाता है।

निविदा के संबंध में अन्य जानकारी पृथक से नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं tender-uad@cg.gov.in में जारी एवं संबंधित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जावेगी।

जोन आयुक्त

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 161/22-23
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मीबाई-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई-10 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ N00751 लक्ष्मीनगर मोवा जो कि निगम अभिलेख में श्री राजेन्द्र कुमार पटेल s/o प्रेमलाल पटेल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती लछनीबाई w/o स्व. राजेन्द्र कुमार पटेल रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 25/7/2022
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-291, श्री अजय राय पिता श्री सुन्दरलाल राय के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 28.03.2012 पंजीकृत कराने उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 19.11.2012 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्री अजय राय पिता श्री सुन्दर लाल राय, निवासी- 385/2, गोदावरी नगर, बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती प्रतिमा देवी वर्मा पति श्री रमाकांत प्रसाद वर्मा निवासी- वार्ड नं. 02, श्री सांईनाथ कालोनी, भवानी नगर, कोटा रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

चमत्कार और रहस्य से भरा अद्भुत शिवलिंग, साल में तीन बार बदलता है रूप

खरोरा/नवप्रदेश। चमत्कार और रहस्य से भरे देश दुनिया में अनेक मंदिर है। सब की अपनी अलग गाथा और प्राचीन ऐतिहासिक मान्यता भी है। लेकिन खरोरा से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बेल्दारसिवनी नामक गांव का अनूठा स्वयंभू शिवलिंग आज भी दुनिया के लिए एक रहस्य बना हुआ है। यहां की कीर्ति न केवल अंचल भर में अपितु पूरे राज्य तक फैली है। जहां पूरे बारहों महीनें श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। महाशिवरात्रि और सावन महीनें में तो यहां मानों आस्था का जनसैलाब ही उमड़ पड़ता है। गांव में बस्ती के बीचों-बीच स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर के गर्भगृह में अद्भुत स्वयंभू अर्धनारीश्वर शिवलिंग विराजमान है। हर साल इस शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व रूद्राभिषेक करने दूर-दूर से शिवभक्त पहुंचते है। और पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना करते है। चूंकि सावन का महीना भोलेनाथ की आराधना का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इसी कारण बोलबम और हर-हर महादेव का जयघोष करते कांवड़ियों का जत्था यहां हजारों किलोमीटर दूर से पैदल यात्रा कर आते है और दिव्य शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। मंदिर के समीप ही यहां एक अनूठा कुंड भी बना है। जहां पुण्य स्नान कर शिवभक्त भोलेनाथ का अभिषेक कर मत्था टेकते है। पुजारी की मानें तो शिवलिंग मे चढ़ने वाला जल सीधे कुंड मे जाकर मिलता है। सावन महीनें और महाशिवरात्रि में यहां शिवलिंग का विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना भी किया जाता है।

मंदिर के पुजारी संतोष शर्मा व नीलम शर्मा ने बताया कि शिवलिंग ऋतुओं के अनुसार साल में तीन बार अपना रूप बदलता है। वर्षा ऋतु में शिवलिंग काला और चिकना हो जाता हैं। वहीं शीत ऋतु में यह काला व खुरदुरा हो जाता हैं।

तो ग्रीष्म ऋतु में भूरा हो जाता है और शिवलिंग के बीच में ऊपर से नीचे तक दरार आ जाती है। इसमें अगुंली,माचिस की तीली, सिक्का डालने पर घुस जाता है। ऐसा किवदंती है कि यह मंदिर लगभग 200 वर्ष से भी अधिक पुराना है। इसी कारण यह समूचे अंचल में लोगों की आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है।

अग्रवाल परिवार को सपने में आये थे भोलेनाथ

मंदिर के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि गांव के ही अग्रवाल परिवार को भगवान भोलेनाथ सपने में दर्शन देकर कहा था कि मैं मकान के एक भाग में हूं मुझे बाहर निकालो। इसके बाद अग्रवाल परिवार ने गांव के लोगों से चर्चा कर उस जगह की खुदाई करवाई थी। जहां से शिवलिंग मिला था। गांव के लोग शिवलिंग को गांव के तालाब के पास ले जाकर स्थापित करना चाह रहे थे। लेकिन उस स्थान से शिवलिंग को टस से मस नहीं कर सके। इसलिए उन्हें वहीं पर मंदिर बनाकर स्थापित कर दिया गया था।

यहां की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ में है विख्यात

तीन पीढ़ियों से मंदिर मे सेवा दे रहे मंदिर के पुजारी ने बताया कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की भाति इसे भी विशेष रूप से पूजा जाता है। आज भी यह शिवलिंग रहस्य और चमत्कार से भरा हुआ है। लोगों की मानें तो इस शिवलिंग के बारे में शोध भी हुआ। लेकिन इसका रहस्य किसी को समझ नहीं आ सका।

कन्या छात्रावास कोबिया से जांता स्थानांतरित

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन अंतर्गत जिले के बेमेतरा विकासखंड में विगत सत्र 2010-11 से कन्या छात्रावास संचालित है। यह योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने/सुदूर अंचल की बालिकाओं को माध्यमिक शिक्षा (कक्षा 9 से 12) प्राप्त करने में सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निःशुल्क आवासीय व्यवस्था है। पूर्व में यह छात्रावास कोबिया में संचालित रहा है किन्तु वर्तमान सत्र 2022-23 से ग्राम जांता विकासखण्ड-बेमेतरा में संचालित होगी। छात्रावास में प्रवेश हेतु बेमेतरा विकासखण्ड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की छात्राएं जो कक्षा 9 वीं से 12 वीं में शासकीय शालाओं में अध्ययनरत हो, पात्र होंगी।

विद्यालय, कार्यालय, औषधालय और मंत्रालय समेत सभी दफ्तर बंद

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य के सभी कर्मचारी व अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 25 से 29 जुलाई तक हड़ताल में जा रहे हैं। ज्ञातव्य हो की विगत दो वर्षों में मँहगाई में लगभग 40% वृद्धि के बावजूद सरकार कर्मचारियों को लंबित मँहगाई भत्ता नहीं दे रही है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि क्या मँहगाई का असर केवल आईएएस सांसद और विधायकों पर ही पड़ती है? आज मँहगाई वृद्धि के फलस्वरूप व्यावसायिकों का लाभांश बढ़ रहा है, मजदूरों की मजदूरी बढ़ रही है पर निश्चित वेतन पाने वाले कर्मचारियों का क्या? मँहगाई का सर्वाधिक असर इसी तबके पर पड़ती है पर भत्ते देने मे आनाकानी करती है। और तो और कर्मचारी विगत काफी दिनों से चरणबद्ध आँदोलन कर रहे हैं और सरकार जले में नमक की भाँति प्रदेश के मंत्री एवं विधायकों का वेतनभत्ता एक दिन की प्रस्ताव में बढ़ा लिए। वर्तमान मे तो हम केवल 5 दिनों के लिए हड़ताल कर रहे हैं। सरकार नहीं मानी तो आगे अनिश्चितकालीन आंदोलन भी करेंगे।

आगे कर्मचारी नेताओं ने कहा कि आखिर धैर्य की हद होती है। जब कोरोना काल मे सब अपने अपने घरो मे दुबके पड़े थे तो भी हम जनरक्षा मे अपना योगदान दे रहे थे। बहुत से कर्मचारी आकाल काल कवलित हुए। एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार मँहगाई के विरूद्ध खड़े होने का नौटंकी करती है वहीं अपने मातहतों को मँहगाई भत्ता देने में आनाकानी भी। यदि यह ही रवैया रहा तो कर्मचारियों में सरकार के प्रति नकारात्मक संदेश जावेगा।हम अतिरिक्त नहीं माँग रहे है केवल केन्द्र के समान देयतिथि से मँहगाई भत्ता तथा सातवें वेतनमान पर गृहभाड़ा भत्ता। सरकार को हमारी माँगे पूरी करनी होगी। हमे हमारे देयतिथि से मँहगाई भत्ता और गृहभाड़ा भत्ता देना होगा।

सुरही नदी का जल से किया गया सहसपुर के प्राचीन शिव मंदिर का विशाल जलाभिषेक

सैकड़ों कांवड़िए और शिवभक्तों की मौजूदगी

देवकर/नवप्रदेश। नगर समीपवर्ती ग्राम सहसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में शिवभक्त कांवरियों द्वारा सावन माह का दूसरा सोमवार होने के कारण मन्दिर स्थित शिवलिंग में सुरही नदी से जल लाकर विशाल जलाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में गाँव सहित आसपास के शिवभक्त शामिल हुए। फलस्वरूप विगत कोरोना संकटकाल के दो वर्ष उपरांत पहली बार सहसपुर गाँव में बोल बम के जयकारे की गूंज एवं भगवा वस्त्रधारी शिवभक्तों की तादाद दिखाई पड़ी। लिहाजा अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सहसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में शिवजलाभिषेक का कार्य संपन्न हुआ।

गौरतलब हो कि नगर से पांच किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित ग्राम सहसपुर प्राचीन काल से अपने अद्भुत कलाकृतियों से सुसज्जित व ऐतिहासिक शिवमन्दिर के लिए विख्यात है। जहां पर हर साल पुरानी मान्यताओं के मुताबिक नगर देवकर स्थित सुरही नदी(शिवनाथ की सहायक) के जल लेकर शिव जी के जलाभिषेक की विशेष परम्परा रही है। इसी सिलसिले में कल सावन के दूसरे सोमवार को गाँव से बड़ी संख्या में शिवभक्त जल लेने पदयात्रा करते हुए देवकर पहुंचे। जहां से सुरही नदी के जल को अपने कावड़ में लेकर वापस सहसपुर प्रस्थान हुए। इस पदयात्रा के दौरान छोटे छोटे नन्हे बच्चो से लेकर महिलाएं तक काफी संख्या में मौजूद रही। जहां सभी की मौजूदगी एवं उपस्थिति में शिव जी का जलाभिषेक किया गया।

अज्ञात वाहन ने मवेशी को मारी टक्कर, घायल मवेशी का पशु चिकित्सकों ने किया इलाज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सरकार की पशुओं के लिए बनाए गए महत्वपूर्ण योजना की पोल खुलते तब दिखा जब एक अज्ञात वाहन ने शुक्रवार सुबह 7 बजे के आसपास नगर पंचायत छुरिया के पुराने बस स्टैंड चौक पर एक मवेशी को रगड़ते हुए निकल गए जिससे मवेशी के पिछले पैर को गंभीर चोटें पहुंची हैं, जिसकी सूचना स्थानीय पशु चिकित्सकों को नगर के किसी सज्जन द्वारा दिया गया, जिस पर तत्काल पशु चिकित्सकों ने घटनास्थल पहुंचकर मवेशी का उपचार किया, शासन-प्रशासन कहती है कि रोका-छेका कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी है, जिससे आवारा मवेशियों का देखभाल किया जा रहा है, पर आए दिन मवेशियों पर हो रहे अज्ञात वाहनों की ठोकरों से हजारों मवेशी की जान जा रही है या गंभीर रूप से घायल हो रहे है, जिससे इस रोका-छेका योजना को अच्छे से समझा जा सकता है, छुरिया नगर पंचायत में आवारा पशु रोड के किनारे और रोड के बीचों-बीच भारी संख्या में बैठे हर रोज नजर आ ही जाएगी, पर छुरिया नगर पंचायत के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को शासन-प्रशासन के इस योजना का रेवड़ी बनाकर खाने में मस्त है।

बहरहाल नगर पंचायत छुरिया के अधिकारी एवं नगर के जनप्रतिनिधियों के द्वारा शासन-प्रशासन की रोका-छेका योजना का पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जिससे इस योजना को लेकर शासन-प्रशासन की छवि खराब हो रही है, तो वहीं तत्काल सूचना पाए जाने पर स्थानीय पशु चिकित्सकों के पहुंचने व तत्काल मवेशी का उपचार करने पर चिकित्सकों की वाहवाही नगर के लोग कर रहे हैं। घायल मवेशी की तत्काल उपचार के लिए पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों में विकासखंड छुरिया के सहायक शल्यज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. उपासना चंद्राकर, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गुलाब दास साहू, परिचारक रविराम अहीर, प्रेमलता कोसारे द्वारा घायल मवेशी का उपचार किया गया। घायल मवेशी के उपचार में स्थानीय नगर के जागरूक युवा मोहम्मद सलीम एवं उनके साथियों का भी योगदान सराहनीय रहा।

अभिलेख सिंह बने लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ छुईखदान तहसील अध्यक्ष

खैरागढ़/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष डी.के.लिल्हारे द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत विकास खंड/तहसील के कार्यवाहक अध्यक्ष पद हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति 23 जुलाई को घोषणा करते हुए सूची जारी कि है। उक्त संघ के जिलाध्यक्ष (वरिष्ठ लिपिक) की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रमुख रुप से जिला राजनांदगांव में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान एवं विकासखंड खैरागढ़ के तहसील अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में गहन चर्चा किया गया।

उपस्थित सभी लिपिकों के द्वारा सर्वसम्मति से विकास खंड छुईखदान के आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में पदस्थ लिपिक अभिलेख सिंह को सर्वसम्मति से कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष छुईखदान व तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक सुरेश गुप्ता को कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष छुईखदान और शा.उ.मा.शाला मुढीपार मे पदस्थ लिपिक आलोक वैष्णव को कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष खैरागढ़ व शा.उ.मा.शाला अमलीपारा मे पदस्थ लिपिक दुर्गेश सिंह को कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष खैरागढ़ मनोनीत किया गया है। जिसका समस्त छुईखदान व खैरागढ़ ब्लाक व तहसील के लिपिकों के द्वारा स्वागत किया गया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से संघ के समस्त जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।।अध्यक्ष बनने के बाद अभिलेख सिंह ने कहा कि उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है,जिसका निर्वहन वरिष्ठों के मार्गदर्शन में पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। उनका उद्देश्य संघ के सभी कर्मचारियों के हित में काम करना होगा। उन्होंने सभी से उनके कार्य के दौरान सहयोग करने की अपील की है।।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर पटवारी संघ सामूहिक अवकाश पर

खरोरा/नवप्रदेश। केंद्र के सामान महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान में गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर छत्तीसगढ़ पटवारी संघ द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर देय तिथि से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान में गृह भाड़ा भत्ता के लिए 25 जुलाई से 29 जुलाई तक कलम बंद , काम बंद कर हड़ताल पर रहेंगे।छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के प्रांतीय संयोजक गोपाल पटवार ने कहा हम समस्त कर्मचारी और केंद्र समान महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान गृह भाड़ा भत्ता के लिए लगातार महगाई राज्य सरकार को विभिन्न आंदोलन के माध्यओं से महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने आवेदन करते आ रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण फिर से आंदोलन की राह पर अग्रसर है।

कोरोना काल में हमारे सभी विभागों के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किये बिना शासन की योजनाओं को धरातल पर ला कर जनसेवा में लगे थे। लेकिन आज उन्हीं कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता और गृहभाड़ा भत्ता जैसे मांगों के लिए राज्य सरकार को बार-बार गोहार लगाने पड़ रही है । इस दौरान शासन की कई बार बैठक भी हुई, जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान तो दूर उल्टे नेताओं , जनप्रतिनिधियों ने अपने भारी वेतन भत्ते बढ़ा लिये. इससे अधिकारी, कर्मचारी अपमानित और क्रोधित है।ै।

ट्रक चोरी के आरोप में नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

खरोरा/नवप्रदेश। नगर के यादव चिकन मार्केट के पास ट्रक लॉक रात में सोने के लिए वाहन चालक लेखराम देवांगन अपना घर चला गया। शनिवार की सुबह जाकर देखा तो ट्रक 12 चक्का बल्कर वाहन नहीं था। प्रार्थी लेखराज देवांगन ने थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराया। लेखराज देवांगन खरोरा के वार्ड क्र. 01 का निवासी है तथा ड्रायवरी का काम करता है। प्रार्थी ने बताया कि शुक्रवार की शाम 4:00 बजे हिरमी सीमेंट प्लांट से12 चक्का बल्कर वाहन क्र0 सीजी 07 एन.ए. 4763 मे सीमेंट लोड कराकर उसे खाली करने हेतु छेरीखेडी आर.एम.सी. प्लांट गया था दिनांक 23/07/22 को सीमेंट खाली कर वापस हिरमी जाना था कि रास्ते में खरोरा अपने घर होने से खरोरा आया और बल्कर वाहन क्र0 सीजी 07 एन.ए. 4763 को लॉक करके यादव चिकन मार्केट के सामने रखकर रात्रि अपने घर चला गया। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की खड़ी उक्त ट्रक को चोरी कर ले गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने धारा 379, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया है।

ट्रक चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा रायपुर उदयन बेहार तथा थाना प्रभारी खरोरा निरीक्षक बृजेश तिवारी को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रहीं थी। आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर खरोरा निवासी आरोपी हरिश सूर्यवंशी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा एक लड़के के साथ मिलकर ट्रक चोरी स्वीकार किया गया। घटना में संलिप्त एक अपचारी बालक को भी पकड़ा गया।

दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की ट्रक बल्कर वाहन क्र0 सीजी 07 एन.ए. 4763 कीमती लगभग 25,00,000/रू (पच्चीस लाख) रूपये जप्त कर दोनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। आरोपी/अपचारी द्वारा वाहन के कांच को तोड़ा गया था जिस पर प्रकरण में धारा 427 भादवि. जोड़ी गई है।

खाद की कमी को लेकर भाजपा का प्रदर्शन सिर्फ और सिर्फ नौटंकी : मोहन

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खाद की किल्लत के नाम पर प्रदेश भाजपा द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को लेकर मोहन साहू आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने खाद की किल्लत के लिए सीधे-सीधे केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। मोहन साहू ने कहा कांग्रेस सरकार द्वारा लिए जा रहे लगातार जनहितकारी निर्णय से प्रदेश में चारों ओर खुशहाली है। इसीलिए भाजपा के पास सरकार के विरोध के नाम पर कुछ शेष नहीं रह गया इसीलिए भाजपा धरना प्रदर्शन के नाम पर नौटंकी कर रही है। अगर भाजपा को धरना प्रदर्शन करना ही है तो इसकी लत के लिए जिम्मेदार केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफकरने का हिम्मत करें। मोहन कहा कि धरना प्रदर्शन करने से पहले भाजपा को अपनी जानकारी दुरुस्त कर लेनी चाहिए। प्रदर्शन के नाम पर नौटंकी करने वाले भाजपाइयों को यह जानकारी होनी चाहिए की केंद्र सरकार द्वारा ही प्रदेशों को खाद की आपूर्ति की जाती है। उस खाद को प्रदेश द्वारा परिवहन और वितरण किया जाता है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां भाजपा की प्रदेशों में सरकार नहीं है वहां बदले की भावना के तहत जानबूझकर खास नहीं भेजा जा रहा है, ताकि उस प्रदेश के किसान वर्ग परेशान हो और उसका मत्था प्रदेश सरकार पर मढा जा सके।

भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचे भक्त

खरोरा/नवप्रदेश। भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन मास सावन का आज दूसरा सोमवार है। पहले ही दिन क्षेत्र के से मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रावण मास का पहला सोमवार है मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुगन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से मंदिर पहुंचे शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से नजर आ रहे हैं । आज

प्रथम पेज का शेष

हरेली पर गोमूत्र ...

डिस्प्ले के लिए लगाए जाएंगे। कृषि सम्मेलन में विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे जिनसे किसान आधुनिक तरीके से खेती के संबंध में और खेती में आई नई तकनीक के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

छत्तीसगढ़ी खेलों की होगी धूम : हरेली खेती का त्योहार है और साथ ही छत्तीसगढ़ में खेलों का सबसे बड़ा दिन। इस मौके पर छोटे बच्चे तो गेड़ी चढ़ते ही हैं बड़े बुजुर्ग भी गेड़ी चढ़ते हैं। इस दिन करसा में गेड़ी प्रतियोगिता भी होगी और इसके विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर गेड़ी रेस, भौंरा, पिट्ठूल, कंचा, पतंग, गोली चम्मच, खोखो, रस्सा खींच, तिग्गा गोटी और गिल्ली डंडा जैसे खेलों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रदेश के सभी स्कूलों में भी गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

खेती किसानी पर होगी चर्चा : हरेली का त्योहार अच्छी फसल की कामना के लिए सबसे खास त्योहार है। यह उत्सव का समय भी है और बेहतर खरीफ फसल के लिए विचारविमर्श कर योजना बनाने का भी। मुख्यमंत्री कृषक सम्मेलन में किसानों से बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं किसान भी हैं इसलिए अपने अनुभव भी साझा करेंगे। साथ ही सरकार द्वारा किसानों के हित में आरंभ की गई योजनाओं की जानकारी भी देंगे। वे किसानों के अनुभव भी जानेंगे और उनसे चर्चा भी करेंगे।गोमूत्र खरीदी इसलिए : छत्तीसगढ़ सरकार जैविक खेती की ओर राज्य को ले जाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए आवश्यक है कि गोवंश संवर्धन हो और इनका पालन किसानों के लिए उपयोगी हो। गोबर खरीदी के माध्यम से और इसके द्वारा वर्मी कंपोस्ट बनाकर जैविक खाद का बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। अब गोमूत्र खरीदी से किसानों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया तैयार होगा। इससे वे पशुपालन की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेंगे और उनकी आय की स्तर में बढ़ोत्तरी होगी।

द्रौपदी मुर्मू ने ...

इस दौरान उपस्थिति गणमान्य लोगों द्वारा मेज थपथपाकर उनका अभिवादन किया। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वैंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य आदि समारोह में शामिल हुए। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे जिनमें नवीन पटनायक, एकनाथ शिंदे, जयराम ठाकुर, योगी आदित्यनाथ, एन वीरेन सिंह आदि शामिल हैं।

महंगाई व भाड़ा ...

ऐसे में सात दिन तक सरकारी कार्यालयों के न खुलने पर बहुत सारी सेवाएं बाधित हो जाएंगी, जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ सकती है।

मंत्रालय के बाहर नारेबाजी : नवा रायपुर स्थित मंत्रालय के बाहर भी कर्मचारी अपने दफ्तरों में नहीं पहुंचे गेट के पास खड़े होकर नारेबाजी करते रहे। कर्मचारी संगठन के नेताओं ने सभी कर्मचारियों से काम ना करने की अपील की है। सभी कर्मचारियों ने इसे समर्थन देते हुए मंत्रालय में काम नहीं किया। महंगाई भत्ता देना होगा जैसे नारे कर्मचारी लगाते रहे। रायपुर के धरना स्थल में भी कर्मचारी प्रदर्शन करने पहुंचे हैं।

केजरीवाल सरकार ...

केजरीवाल सरकार पर नई आबकारी नीति में अनियमितताओं के आरोप को लेकर सोमवार को आप (आम आदमी पार्टी) के कार्यालय के पास भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी आईटीओ पर इकट्ठा होकर डीडीयू मार्ग स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बैरिकेड्स पार करने वालों को हिरासत में ले लिया गया।

पूर्व कप्तान एमएस...

मामले को सुलझाने का काम था. जब कमेटी का गठन किया गया, उसके बाद ही पीड़ितों द्वारा इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया था. सर्वोच्च अदालत में हुई सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से यह तर्क दिया गया है कि आम्रपाली ग्रुप के पास फंड की कमी है, इसलिए उनके द्वारा बुक करवाए हुए फ्लैट नहीं मिल पा रहे हैं.

आम्रपाली ग्रुप और धोनी में क्या कनेक्शन : दरअसल, आम्रपाली ग्रुप पर आरोप था कि उन्होंने अपने कई ग्राहकों के फ्लैट्स अभी तक नहीं दिए हैं, पैसे लेने के बावजूद प्रोजेक्ट पूरा नहीं होने पर मामला अदालत तक पहुंच गया. महेंद्र सिंह धोनी इसी दौरान आम्रपाली ग्रुप के ब्रांड एम्बेसडर रहे थे. उन्होंने ग्रुप के लिए कई विज्ञापन भी शूट किए थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक-40/न.पा.नि./जोन क्र.-06/2022-23 | रायपुर, दिनांक 22/07/2022

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु श्रमविभाग एवं ई.एस.आई.सी. पंजीकृत/ लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/ एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' एवं ''ब'') में सीलबंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 02/08/2022 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 12/08/2022 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 4.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 16/08/2022 को सायं 05.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	पंजीयन/ का विवरण	समया अवधि
1.	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत सरजूबाधा तालाब एवं सरजूबाधा उद्यान में कार्य करने हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 10 (6+4) अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य।	1414200.00	14200.00	750.00	श्रम विभाग एवं ई.एस. आई.सी. एवं कार्य से संबंधित अन्य आवश्यक पंजीयन होना अनिवार्य है।	12 माह

- कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में :- (1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने के दिनांक तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति। (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/ एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति। (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR (इनकम टैक्स रिटर्न) एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

टीप :- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/ सप्लायर्स के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

योगी ने की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल से भेंट

नई दिल्ली (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति रहीं श्रीमती प्रतिभादेवी सिंह पाटिल से भेंट की। योगी आदित्यनाथ ने न्यू महाराष्ट्र सदन में पहुंच कर श्रीमती पाटिल से भेंट की और गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री पूर्व राष्ट्रपति के साथ थोड़ी देर रहे और उनकी कुशल क्षेम पूछी। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सदन में ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल और अलवर के सांसद स्वामी बालक नाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

कोविड टीकाकरण में 2.02 अरब से अधिक टीके लगे

नई दिल्ली (वार्ता)। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 202.17 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक दो अरब दो करोड़ 17 लाख 66 हजार 615 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 16 हजार 866 नये मरीज सामने आयें हैं। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या एक लाख 50 हजार 877 तक पहुंच गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.34 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 7.03 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 18 हजार 148 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 32 लाख 28 हजार 670 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.46 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में दो लाख 39 हजार 751 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 87 करोड़ 27 लाख 59 हजार 815 कोविड परीक्षण किए हैं।

नव-निर्वाचित राष्ट्रपति मुर्मू ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (वार्ता)। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने सोमवार सुबह शपथ ग्रहण करने से पहले यहां राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रीमती मुर्मू पूर्वाह्न 1015 बजे संसद के केन्द्रीय कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। वह देश की पहली आदिवासी समुदाय की महिला होंगी जो सबसे बड़े संवैधानिक पद पर आसीन होंगी। वह अब तक की सबसे युवा राष्ट्रपति भी होंगी। निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और श्रीमती मुर्मू केन्द्रीय कक्ष में पूर्वाह्न 10.03 पर पहुंचेंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना शपथ दिलायेंगे।

जापान ने रूस से सोने के आयात पर लगायी रोक

टोक्यो (वार्ता/स्पूतनिक)। जापान ने रूस से सोने के आयात पर रोकने का फैसला किया है। जापान के वित्त मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया रूस से सोने के आयात पर यह रोग 01 अगस्त से लागू होगी। यूक्रेन पर रूस के सैन्य अभियान के विरोध में जापान सरकार ने रूस के खिलाफइस प्रतिबंध की घोषणा की है। जापान सरकार ने इस संबंध में प्रस्ताव को पांच जुलाई को मंजूरी दे दी थी। यूक्रेन पर रूस के सैन्य अभियान के बाद से जापान ने अभी तक रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाये हैं। जापान ने रूस की 200 कंपनियों और अन्य फर्मो पर रोक लगायी है जिसमें प्रमुख बैंक भी शामिल हैं इसके अलावा 507 रूसी नागरिकों और डोनेत्स्क व लुहांस्क रिपब्लिक्स के 253 नागरिकों पर भी प्रतिबंध लगाये गये हैं।

केन्या सड़क दुर्घटना में 30 यात्रियों की मौत

नैरोबी (वार्ता/शिन्हुआ)। केन्या के थरका निथी में राजमार्ग के किनारे एक बस के पुल तोड़ कर नदी में गिर जाने से कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पूर्वी क्षेत्रीय पुलिस कमांडर रोनो बुनेई ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम मेरु शहर से तटीय शहर मोम्बासा जा रही बस मेरु-नैरोबी राजमार्ग के किनारे करीब 40 मीटर नीचे निथी नदी में गिर गई। उन्होंने आशंका जतायाी कि बस के ब्रेक फेल होने से यह दुर्घटना हुई , क्योंकि बस बहुत तेज गति में थी। बस का मलबा ब्लैक स्पॉट के पास पहाड़ी पर बिखरा पड़ा देखा जा सकता है। थरका निथी काउंटी रेस्क्यू टीम मैनेजर एलेक्स मुगांबी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इससे पहले गत आठ जुलाई को नैरोबी-मोम्बासा राजमार्ग पर एक दुर्घटना में 20 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई थी।

स्पेन में मंकीपॉक्स के प्रकोप का संपर्क टैटू सैलून से

मैड्रिड (वार्ता /स्पूतनिक)। दक्षिणी स्पेन में आंदालुसिया के स्वायत्त क्षेत्र में मंकीपॉक्स के प्रकोप का एक स्थानीय टैटू सैलून से जुड़े होने का पता चला है। यूरोपा प्रेस समाचार एजेंसी की रिर्पोट के अनुसार, कैडिज़ प्रांत में सैन-फर्नांडो नगरपालिका में स्वास्थ्य अधिकारियों ने टैटू और गोदना में विशेषज्ञता वाले एक स्थानीय सैलून से जुड़े कम से कम 12 मंकीपॉक्स मामलों का पता लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैलून का निरीक्षण किया गया है और एहतियात के तौर पर इसे बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बीमारी के प्रकोप की महामारी विज्ञान जांच शुरू कर दी है और उन लोगों की तलाश कर रहे हैं जो संक्रमित लोगों के संपर्क में रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को मंकीपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता बताते हुये सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। क्योंकि 50 से अधिक देशों इसके मामले सामने आये है। लेकिन यह भी कहा कि जोखिम यूरोप में ज्यादा है, बाकी सभी क्षेत्रों के लिए यह खतरा मध्यम है। मंकीपॉक्स एक दुर्लभ वायरल बीमारी है जो आमतौर पर जंगली जानवरों से लोगों में फैलती है और कुछ अफ्रीकी देशों में स्थानिक है। संक्रमण शरीर के तरल पदार्थ, श्वसन बूंदों और अन्य दूषित पदार्थों के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है। इस बीमारी के परिणामस्वरूप आमतौर पर बुखार, दाने और सूजन आदि लक्षण दिखाई देते है।

चीन आने वाले यात्रियों को मंकीपॉक्स संक्रमितों के संपर्क में आने के बारे में घोषणा करनी होगी

बीजिंग (वार्ता /स्पूतनिक)। कोरोना वायरस के बाद मंकीपॉक्स के मामले जिन देशों में पाये गये हैं, वहां से चीन पहुंचने वाले संक्रमित लोगों को किसी भी तरह के अन्य के संपर्क और उनमें इस बीमारी के किसी भी लक्षण पाए जाने पर औपचारिक रूप संबंधित अधिकारियों को सूचित करना होगा। चीन के सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन (जीएसीसी) ने आज को यह जानकारी दी। सोमवार तक 50 से अधिक देशों में मंकीपॉक्स के पांच हजार 100 से अधिक मामले सामने आये हैं। ि
वश्व स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को मौजूदा मंकीपॉक्स के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता बताते हुये इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए आपातकाल घोषित किया है। जीएसीसी ने कहा, ÷मंकीपॉक्स के प्रकोप वाले देशों से आने वाले व्यक्ति जो मंकीपॉक्स से संक्रमितों के संपर्क में रहे हैं अथवा उनमें बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द और अंगों में सूजन जैसे लक्षण हैं तो उन्हें स्वयं पहल करनी चाहिए और इस बारे में सीमा शुल्क को जानकारी देनी चाहिये। बयान में कहा गया है कि चिकित्सा कर्मी वायरस के प्रसार को सीमित करने और परीक्षण करने के लिए आवश्यक निवारक उपाय करेंगे। जीएसीसी ने यह भी कहा कि संभावित रूप से संक्रमित कंटेनरों और कार्गो को उनके मालिकों द्वारा संक्रमण रहित किया जाना चाहिए।

अक्षर पटेल उर्फ 'बापू' ने 35 गेंदों पर 64 रन बनाकर भारत को जीतया मैच

'बापू' ने भारत को जीत दिलायी

पोर्ट ऑफ़स्पेन (वार्ता)। भारत ने अक्षर पटेल (64), श्रेयस अय्यर (63), और संजू सैमसन (54) के शानदार अर्द्धशतकों की बदौलत वेस्ट इंडीज़ को दूसरे एकदिवसीय मैच में दो विकेट से शिकस्त दी।

वेस्ट इंडीज़ ने रविवार को क्वीन्स पार्क ओवल में खेले गये मैच में भारत के सामने 50 ओवर में 312 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे भारत ने दो गेंद रहते हासिल कर लिया। भारत ने 44.1 ओवर में दीपक हुड्डा के रूप में आखिरी बल्लेबाज़ का विकेट गंवा दिया था, और उसे 35 गेंदों में 56 रन की ज़रूरत थी। एक समय पर ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम यह मैच हार जाएगी, लेकिन अक्षर पटेल उर्फ 'बापू' ने 35 गेंदों पर 182.86 के स्ट्राइक रेट से 64 रन बनाकर भारत को जीत दिलायी। अक्षर ने अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के जड़े।

इससे पहले, वेस्ट इंडीज़ ने शाई होप (115) के शतक और निकोलस पूरन (74) के अर्द्धशतक की बदौलत भारत के सामने 50 ओवर में 312 रन का लक्ष्य रखा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सलामी बल्लेबाज़ होप और काइल मेयर्स ने वेस्ट इंडीज़ को ठोस शुरुआत दी और पहले विकेट के लिये 65 रन जोड़े। होप ने एक छोर संयम के साथ संभाला, जबकि मेयर्स ने तेज़ खेलते हुए 23 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाये। मेयर्स के आउट होने के बाद क्रीज़ पर आये शमारह ब्रूक्स ने 35(36) रन की पारी खेली। अक्षर पटेल ने ब्रूक्स को और युज़वेंद्र चहल ने ब्रेंडन किंग (0) को पवेलियन लौटाकर भारत को क्षणिक राहत दिलायी, मगर इसके बाद क्रीज़ पर आये कप्तान निकोलस पूरन ने होप के साथ 117 रन की साझेदारी कर भारत को पुनः दबाव में डाल दिया। पूरन ने 77 गेंदों की अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाकर 74 रन बनाये। शार्दुल ठाकुर ने पूरन को आउट कर शतकीय साझेदारी को तोड़ा। साथ ही उन्होंने विस्फोटक बल्लेबाज़ रोवमैन पॉवेल (13) को भी हाथ खोलने से पहले ही पवेलियन लौटा दिया।

पहली पारी में वेस्ट इंडीज़ के हीरो रहे शतकवीर होप जिन्होंने ठाकुर की गेंद पर आउट होने से पहले 135 गेंदों पर 115 रन बनाये। वह मैच के 49वें ओवर तक एंकर का किरदार निभाते रहे जिसकी बदौलत वेस्ट इंडीज भारत के सामने यह विशाल स्कोर खड़ा कर सकी। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर ने सात ओवर में 54 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिये, जबकि दीपक हुड्डा (नौ ओवर, 42 रन), अक्षर पटेल (नौ ओवर, 40 रन) और युज़वेंद्र चहल (नौ ओवर, 69 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ। अक्षर ने एक मेडन ओवर भी डाला। मोहम्मद सिराज को कोई विकेट नहीं मिला, हालांकि उन्होंने किफायती गेंदबाज़ी करते हुए 10 ओवर में एक मेडेन के साथ 47 रन दिये। अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय में अपना पदार्पण कर रहे आवेश खान महंगे साबित हुए और उन्होंने छह ओवर में 54 रन दिये। जब भारत 312 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो पहले मैच में 97 रन बनाने वाले कप्तान शिखर धवन 31 गेंदों पर 13 रन की असहज पारी खेलकर पवेलियन लौट गये।

ह्य सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल ने 43(49) रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। सूर्यकुमार यादव (9) एक बार फिर असफल रहे लेकिन अय्यर और सैमसन ने चौथे विकेट के लिये 99 रन की साझेदारी कर मैच में भारत की स्थिति मज़बूत की। आउट होने से पहले अय्यर ने 71 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाये। सैमसन दुर्भाग्यशाली रहे और 51 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाने के बाद रन आउट होकर पवेलियन लौट गये।

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस संचार प्रमुख को दिया जवाब

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश को पत्र लिख कर कहा है कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा नेताओं एवं उनके परिवारों के विरुद्ध विद्वेष के कारण राजनीतिक विमर्श की मर्यादा तार-तार कर रही है और अगर कांग्रेस नेताओं की बदजुबानी और अशोभनीय वक्तव्यों को लेकर अदालत का रुख किया तो कांग्रेस के सारे के सारे नेता अदालतों के चक्कर काटते फिरेंगे।

श्री शुक्ला ने पत्र को ट्वीटर पर भी जारी कर दिया। उन्होंने पत्र में लिखा, ÷आपके द्वारा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को एक पत्र लिखा गया है। इस पत्र को पढ़ कर साफ ज्ञात होता है कि उक्त पत्र संदर्भित बहस को पूरी तरह से देखे बिना ही लिखा गया। 23 जुलाई 2022 को उक्त बहस में कांग्रेस के प्रवक्ता द्वारा भारत सरकार की महिला मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी और उनकी 18 वर्षीय पुत्री की अनावश्यक ढंग से सार्वजनिक रूप से अवमानना की जा रही थी। उससे राजनीतिक विमर्श की मर्यादा तार-तार हो रही थी। कांग्रेस पार्टी विद्वेषवश एक परिवार को जिस तरह से क्षुद्र राजनीति में घसीट रही है, वह राजनीतिक अपसंस्कृति का प्रमाण है। इस तरह की हरकतें कांग्रेस नेता आए दिन करते रहते हैं। चूंकि आपको कांग्रेस की मीडिया का प्रभार नया-नया मिला है, इसलिए तथ्यों से अवगत कराने के लिए यह पत्र आपको प्रेषित करना आवश्यक है। श्री शुक्ला ने लिखा, कांग्रेस के छोटे नेताओं से लेकर शीर्ष स्तर तक के नेताओं ने बारंबार दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और प्रधानमंत्री जी और भाजपा के शीर्ष नेताओं के खिलाफ अपशब्द कहा है। कई अपशब्द तो ऐसे हैं, जिसे बोला भी नहीं जा सकता। श्रीमती सोनिया गाँधी और श्री राहुल गाँधी से लेकर तमाम कांग्रेस नेताओं ने जी भर के देश के प्रधानमंत्री का अपमान किया है। तब क्यों कांग्रेस के किसी भी नेता को शर्म नहीं आई। शर्म आती भी क्यों? क्योंकि आप लोगों ने शर्म को भी घोल कर पी लिया है। आपकी पार्टी के नेताओं ने 80 से अधिक बार प्रधानमंत्री को बेहद अशोभनीय, बेहद आपत्तिजनक और बेहद बदजुबानी भरे लहजे में अपशब्द कहा है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शिवसेना का चुनाव चिन्ह विवाद

नई दिल्ली (वार्ता)। शिवसेना के चुनाव चिन्ह का विवाद अब उच्चतम न्यायालय में पहुंच गया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली शिवसेना ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पार्टी के अन्य नेताओं की ओर से उन्हें बतौर 'असली' शिवसेना की मान्यता देने संबंधी याचिका पर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगाने आदेश देने की गुहार लगाई है। शिवसेना के महासचिव सुभाष देसाई ने अपनी याचिका में बागी विधायकों की अयोग्यता पर शीर्ष न्यायालय का अंतिम फैसला आने तक 22 जुलाई को चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई कार्यवाही पर रोक लगाने गुहार लगाई है। याचिका में कहा गया है कि शीर्ष न्यायालय के समक्ष 20 जुलाई 2022 को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष की ओर से पेश वकील ने आश्वासन दिया था कि दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता के मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। शीर्ष न्यायालय के समक्ष दायर याचिका में कहा गया है कि श्री शिंदे और अन्य ने कथित तौर पर चुनाव चिन्ह आदेश, 1968 के पैरा 15 के तहत 'असली शिवसेना÷ के रूप में मान्यता देने की चुनाव आयोग से मांग की है। श्री शिंदे खेमा शिवसेना को आवंटित चुनाव चिन्ह धनुष और तीर का उपयोग करने के अधिकार का दावा कर रहा है।श्री देसाई की याचिका में कहा गया है कि चूंकि विधानसभा के सदस्यों के रूप में अध्यक्ष के समक्ष याचिका दायर करने वाले व्यक्तियों की स्थिति वर्तमान में अनिश्चित है।

गूगल के सह संस्थापक की पत्नी के साथ मेरा कोई चक्कर नहीं : मस्क

वाशिंगटन (वार्ता)। टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलॉन मस्क ने गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन की पत्नी निकोल शानाहन के साथ अपने प्रेम प्रसंग की चर्चाओं को खारिज किया है और कहा कि इस तरह की चर्चा में कोई तथ्य नहीं है। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल में दोनों की दोस्ती खत्म होने के बारे में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बाद मस्क ने यह टिप्पणी सामने आयी है। मस्क ने ट्विटर पर एक पोस्ट के साथ लिंक की इस रिपोर्ट का जवाब देते हुए कहा, ÷यह कुल निराधार (बीएस) है। श्री सर्गेई और मैं दोस्त हैं और हम कल रात एक पार्टी में साथ-साथ थे! श्री मस्क ने कहा, ÷मैंने सुश्री निकोल को तीन साल में केवल दो बार देखा है।

वोटर कार्ड आधार से जोड़ने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने नागरिकों के आधार नंबर से मतदाता पहचान पत्र जोड़ने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस महासचिव और प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला की एक जनहित याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने उच्च न्यायालय में सुनवाई का प्रभावी विकल्प होने के बावजूद शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने के कारण सुनवाई करने से इनकार कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी है। श्री सुरजेवाला की ओर से तर्क दिया गया था कि तीन अलग-अलग राज्यों में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं और विभिन्न उच्च न्यायालय इस मामले में एक-दूसरे से अलग आदेश पारित कर सकते हैं। इस दलील को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि यदि अलग-अलग उच्च न्यायालयों में मामला जाता है तो केंद्र सरकार उन्हें जोड़ने और एक उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए स्थानांतरित करने की मांग कर सकती है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने वाला संशोधन साफ तौर पर ''मनमाना'' और पूरी तरह से ''तर्कहीन'' है। इसका उद्देश्य दो पूरी तरह से अलग दस्तावेजों (उनके डेटा के साथ), यानी आधार कार्ड को जोड़ना है, जो निवास का प्रमाण है (स्थायी या अस्थायी) और मतदाता पहचान पत्र, जो नागरिकता का प्रमाण है। याचिकाकर्ता ने उच्चतम न्यायालय के 2018 के फैसले (जिसने आधार अधिनियम 2016 की वैधता को बरकरार रखा) का हवाला देते हुए दावा किया कि मतदाता कार्ड और आधार संख्या को जोड़ना आनुपातिकता की कसौटी पर सही नहीं बैठता है।

शपथ ग्रहण समारोह में खड़गे की सीट को लेकर विपक्ष ने लिखा सभापति को पत्र

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद के केन्द्रीय कक्ष में सोमवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके पद के अनुरूप उचित सीट नहीं मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताते हुए सभापति एम वेंकैया नायडू को पत्र लिखा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को ट्वीट कर जानकारी दी कि राज्यसभा में विपक्ष के सदस्यों ने श्री नायडू को पत्र लिखकर इस बात का विरोध जताया है कि नेता विपक्ष श्री खड़गे को केन्द्रीय कक्ष में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में बैठने के लिए उनके पद के अनुरूप स्थान पर सीट नहीं दी गयी।

इस पत्र में सदस्यों ने कहा है कि श्री खड़गे काफी वरिष्ठ नेता हैं और उन्हें प्रोटोकॉल के हिसाब से सम्मान देने की परंपरा रही है। यदि इसकी अनदेखी की जाती है तो यह हैरानी तथा खेद की बात है। सदस्यों ने कहा है कि वह इसका कड़ा विरोध करते हैं। बाद में विपक्षी सदस्यों ने सदन में भी यह मामला उठाया। सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस आरोप को खारिज किया कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जन खड़गे को पिछले कुछ समारोह में उचित आसन नहीं दिया गया।

श्री गोयल ने कहा कि विपक्ष के नेता को प्रोटोकॉल के अनुसार उचित स्थान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय कक्ष में हुए एक समारोह में विपक्ष के नेता के लिए निर्धारित आसन खाली पड़ा रहा।

कनाडा में ब्रदर्स कीपर्स गैंगस्टर मनिंदर धालीवाल सहित दो की हत्या

ओटावा (वार्ता)। कनाडा के व्हिस्लर विलेज में ब्रदर्स कीपर्स गैंगस्टर मनिंदर धालीवाल समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वैंकुवर सन के मुताबिक रविवार (स्थानीय समयानुसार) गोलीबारी के समय व्हिस्लर विलेज के बीच में सुंडियाल होटल के पास गैंगस्टर सतिंदर गिल (29) एक दोस्त के साथ था, जो उनके गिरोह को सदस्य नहीं था। गोलीबारी में मनिंदर धालीवाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोस्त ने बाद में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम ने कहा कि गोलीबारी लोअर मेनलैंड में अलग अलग गैंग के बीच संघर्ष का नतीजा है।

देश में पिछले 24 घंटे में 18 हजार से अधिक कोविड से हुए स्वस्थ

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से 18 हजार 148 लोग स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 202.17 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं, इनमें पिछले 24 घंटे में दिए 168390 टीके भी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण के 16,866 नए मामले सामने आने से कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,39,05,621 हो गयी है। देश में 1323 सक्रिय मामले घटकर इनकी कुल संख्या 150887 तक पहुंच गयी है। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने के साथ साप्ताहिक दर 4.49 प्रतिशत हो गयी है, जबकि दैनिक संक्रमण 7.03 फीसदी है। रिकवरी दर 98.46 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 239751 कोविड परीक्षण किये गये हैं और अब तक कुल 87.27 करोड़ कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में पश्चिम बंगाल में कोरोना सक्रिय मामले 1067 घटकर 24329 रह गये हैं और इससे निजात पाने वालों की संख्या 2039740 हो गयी है। इस महामारी से अभी तक राज्य में 21320 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान केरल में कोरोना सक्रिय मामले 886 घटकर 19427 रह गये है और इससे निजात पाने वालों की संख्या 6619279 तक पहुंच गयी है। अभी तक राज्य में 70386 लोगों की मौत हो चुकी है।

ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार ईपीएफ में मई 2022 में 9,60,311 नए अंशधारक जुड़े

कर्मचारी राज्य बीमा योजना मई में नए पंजीकरण बढ़े

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में संगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिति की जानकारी देने वाले ताजा आकंड़ों के अनुसार इस वर्ष मई में कर्मचारी भविष्य निधि योजना (ईपीएफ) और नयी पेंशन योजना (एनपीएस) में नए पंजीकरण अप्रैल की तुलना में कम रहे जबकि कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईसी) में नए पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या में सुधार दर्ज किया गया।

ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार ईपीएफ में मई 2022 में 9,60,311 नए अंशधारक जुड़े जबकि इसी माह में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में 14,93,035 नए पंजीकृत व्यक्तियों ने अंशदान दिया। रोजगार के रुझानों का संकेत देने वाली नयी पेंशन योजना (एनपीएस) के ताजा आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में केंद्र और राज्य तथा गैर-सरकारी क्षेत्र के कुल 60,926 नए अंशधारक जुड़े। अप्रैल 2022 में ईपीएफ में 9,84,217, ईएसआईसी में 12,80,653 और एनपीएस में 64,569 नए अंशदाता जुड़े थे।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा सोमवार को जारी जारी विस्तृत आंकड़ों के अनुसार ईपी इस वर्ष मई में ईपीएफसे जुड़े नए अंशधारकों के अलावा 11,14,132 ऐसे अंशधारक रहे जो इस योजना में फिर जुड़े जबकि इसी दौरान 3,92,782 अंशधारक ईपीएफसे बाहर हो गए। मई में ईपीएफ में जुड़े अंशधारकों में 2,90,710 अंशधारक 18-21 वर्ष की आयु वर्ग के थे जिनमें 2,36,290 पुरुष और 54,418 महिला अंशधारक थे।

ईपीएफ योजना में अप्रैल 2022 में 9,84,217 नए अंशधारक जुड़े थे, जिनमें 2,58,103 अंशधारक 18-21 वर्ग के थे। अप्रैल में 12,97,321 अंशधारक योजना में फिर जुड़े जबकि 7,45,013 अंशधारक योजना से बाहर हुए। ईपीएफ में सितंबर 2017 से मई 2022 तक की अवधि में नए 5,48,00,925 अंशधारक जुड़े। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में ईएसआईसी योजना में पंजीकृत 14,93,035 अंशधारकों में 12,08,691 पुरुष थे। इस वर्ष मई में योजना में पहले से पंजीकृत 2,64,30,371 व्यक्तियों ने अंशधान दिया। इनमें 2,12,08,312 पुरुष अंशदाता थे। मई में पंजीकृत 14,93,035 नए ईएसआईसी अंशदाताओं में 12,08,691 पुरुष हैं।इस योजना में सितंबर 2017क्कमई, 2022 के बीच ईएसआईसी से कुल 6,76,38,850 नए व्यक्ति जुड़े।

म्यांमार सरकार ने दी लोकतंत्र समर्थक दो कार्यकर्ताओं को फांसी

नेपिडॉ (वार्ता)। म्यांमार में दशकों बाद पहली बार लोकतंत्र समर्थक दो कार्यकर्ताओं सहित चार लोगों को फांसी दी गई है। मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्योडो न्यूज ने स्थानीय मीडिया के हवाले से कहा कि 1976 के बाद से म्यांमार में राजनीतिक कैदियों को फांसी नहीं दी गई है और आखिरी बार 1990 में मौत की सजा दी गई थी।

न्यूज एजेंसी ने बताया कि जिन चार लोगों को फांसी दी गई उनमें दो राजनीतिक कैदी भी शामिल हैं। राजनेता आंग सान सू की की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के पूर्व सांसद फ्यो ज़ेयर थाव और लोकतंत्र समर्थक एक प्रमुख कार्यकर्ता क्याव मिन यू को फांसी दी गई है।

विधानसभा में गूंजा रेड टू ईंट और कर्मचारियों के वेतन का मामला

■ **मानसून सत्र का चौथा दिन, जमीन अधिग्रहण व अपराध पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को रेडी टू ईट सप्लाई का मामला सदन में उठा। बीजेपी विधायक सौरभ सिंह ने मामला उठाते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल महीने में रेडी टू ईट फूड की सप्लाई नहीं हुई है जिसके जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि महिला स्व सहायता समूह की हाईकोर्ट में लगी याचिका की वजह से सप्लाई नहीं हो सकी जिसके बाद बीजेपी ने सदन की कमेटी से जांच कराए जाने की मांग की है। जिस पर संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि अगर जांच की आवश्यकता होगी, तो आगे निर्णय लिया जाएगा। वहीं सदन में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि रेडी टू ईट की सप्लाई में अब माफिया घुस गए हैं। धरमलाल कौशिक के इस बयान के बाद सदन में जमकर शोर-शराबा हुआ।

बीज निगम 3 रुपए की दर तय कर रहा है : बीजेपी विधायक सौरभ सिंह ने पूछा हाईकोर्ट ने ये भी आदेश दिया था कि जिन जिन समूहों का अनुबंध खत्म नहीं हुआ है उनकी सप्लाई जारी रहेगी जिस पर अनिला भेड़िया ने कहा ऐसे समूहों से बीज निगम ने सप्लाई जारी रखा है। इन समूहों से रेडी टू ईट फूड की सप्लाई की जा रही है। सौरभ सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट ने रेडी टू ईट फूड के ट्रांसपोर्टेशन का जिम्मा महिला स्व सहायता समूह को देने का आदेश दिया है। ट्रांसपोर्टेशन 13 रुपए की दर से किया जाना है लेकिन बीज निगम 3 रुपए की दर तय कर रहा है।

अप्रैल महीने में नहीं हुई रेडी टू ईट की सप्लाई : बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने सदन में पूछा कि रेडी टू ईट फूड की सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था क्या की गई है? सदन में मंत्री ने इससे जुड़े एक सवाल पर दिये गए जवाब पर कहा है कि उनका जवाब गलत था। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने बताया कि मई जून महीने की सप्लाई की गई है।

सरकारी जमीनों का अवैध अधिग्रहण हो रहा है : विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य में सरकारी ज़मीनों का अवैध अधिग्रहण किया जा रहा है। सरकारी जमीनों का पट्टा तक बन रहा है। वहीं विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि रायपुर, बिलासपुर, कोरबा में रेवेन्यू इंस्पेक्टर को बैठाकर जमीन माफियाओं ने काम करना शुरू कर दिया है। जब राजस्व मंत्री मौके पर जाकर बेजाकब्जा नहीं रुकवा पा रहे तो प्रदेश में बेजा कब्जा कैसे रुकेगा। इस सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि बरबसपुर में शासकिय जमीन पर बेजा कब्जा कर दीवाल बनाई जा रही है। यह बात सही है कि अब तक उसे हटाया नहीं जा सका है। इसलिए पटवारी को निलंबित किया जाता है।

अपराधियों का ठिकाना बन गया छग

विपक्ष ने लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है जिससे यह अन्य राज्यों के अपराधियों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बन गया है। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा और अजय चंद्राकर ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य में बलात्कार, हत्या, लूटपाट और ब्लैकमेलिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। विधायकों ने आगे दावा किया कि देश में हत्याओं के मामले में राज्य चौथे स्थान पर है। जो राज्य कभी शांति भूमि के रूप में जाना जाता था, अब अपराधियों के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल (सुरक्षित ठिकाना) बन गया है। राजधानी में रविवार को मुख्य सड़क पर दिनदहाड़े एक नाबालिग लड़की ने एक मूक-बधिर व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी। धर्म लाल कौशिक ने आरोप लगाया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक केवल एक दिखावा है, क्योंकि अपराधियों में पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है।

सदन में आरआई व पटवारी के निलंबन की घोषणा

विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों पर मामला गूंजा। भाजपा विधायकों ने कहा, सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से भू-माफिया जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। कोरबा जिले के बरबसपुर में एक अतिक्रमण मामले में उन्होंने राजस्व निरीक्षक और पटवारी को निलंबित करने की घोषणा की। विधानसभा में भू-माफिया का मामला ध्यानाकर्षण के जरिए उठा। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कब्जा की गई सरकारी जमीन पर गाइडलाइन दर से 152% राशि जमा करने पर भूमिधरी(उस जमीन का मालिकाना हक) अधिकार मिल रहा है। इसकी वजह से प्रदेश में खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर कब्जे की परंपरा शुरू हो गई है। ऐसा ही रहा तो भविष्य में किसी सरकारी योजना के लिए खाली जमीन ही नहीं मिलेगी। प्रदेश के सभी जिलों में भू-माफिया जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इसमें राजस्व अधिकारियों की भी मिलीभगत है।

स्पीकर ने कहा हम जांच कराएंगे

स्पीकर डॉ चरणदास महंत ने संसदीय कार्य मंत्री को जवाब देने के निर्देश दिए हैं। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि अप्रैल महीने में कोर्ट में लगी याचिका की वजह से सप्लाई नहीं हुई। अप्रैल में गर्म भोजन वितरित किया गया। बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि मंत्री अनिला भेड़िया ने सदन में गलत जवाब दिया है जिसके बाद स्पीकर डॉ महंत ने कहा अगर गलत उत्तर है तो हमें जानकारी दीजिए। हम जांच कराएंगे। वहीं सौरभ सिंह ने पूछा पैकेट में एक्सपायरी डेट नहीं लिखी गई है जिस पर मंत्री ने कहा उत्पादन तिथि लिखी होती है।

सदन में गूंजा कर्मचारियों के आंदोलन का मामला

बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में कहा आज से प्रदेश के सरकारी कर्मचारी 5 दिनों की हड़ताल पर हैं। आज सुबह से स्कूल और सरकारी कार्यालय बंद है। सभी विभागों के शासकीय कार्यालयों में ताला लगा हुआ है। डीए और अन्य मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों से सरकार ने वादाखिलाफी की घोषणापत्र में जो वादे किए गए थे एक भी वादे पूरे नहीं किए गए हैं। हमने इस मामले में स्थगन लाया है आप चर्चा कराये। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की हालत इतनी बदतर है कि हम चार-चार स्थगन पर चर्चा करना चाहते हैं। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि चार में चर्चा कैसे संभव है जिसके जवाब में बृजमोहन ने कहा बिल्कुल संभव है।

चिकन दुकान के पास खड़े ट्रक पार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा स्थित यादव चिकन दुकान के पास खड़े ट्रेलर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। प्रार्थी लेखराज देवांगन 35 वर्ष अपने ट्रेलर क्रमांक सीजी 07-एनए 4763 को खरोरा के यादव चिकन दुकान के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर वाहन को ले गया। चोरी गए ट्रेलर की कीमत करीब 25 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मामूली बात पर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। सुंदरानी वीडियो वर्ल्ड के पास मामूली बात पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी घनश्याम रक्सेल 52 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि कल शाम आरोपी अंकुश रात्रे व रोशनी रात्रे गाली-गलौज कर बाते कर रहे थे। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो, आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए व मोबाइल फोन तोड़ दिए। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

विशेष टीकाकरण अभियान अंतर्गत दो दिन में लगे 45 हजार से अधिक टीके

बारिश के बीच खेत-खलिहान में भी पहुँचा टीकाकरण दल

भटगांव/नवप्रदेश। जिले में कोरोना के प्रसार की रोकथाम से बचाव के लिए कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर 22 और 23 जुलाई को आयोजित कोविड टीकाकरण महाअभियान अंतर्गत में 45 हजार 190 लोगों को टीका लगाया गया।

विशेष टीकाकरण महाअभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, लगे हुए कुल टीकों में विकासखण्ड बलौदाबाजार में 7007,भाटापारा में 7140, बिलाईगढ़ में 5870,कसडोल में 7158 ,पलारी में 7296, और सिमगा में 10719 टीका लगाए गए। इस महा अभियान में कलेक्टर श्री बंसल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत ,महिला बाल विकास, राजस्व ने भी अंतर विभागीय समन्वय का उदाहरण पेश करते हुए सहयोग किया। अभियान को सफल बनाने के लिए कर्मचारी अधिकारियों ने गाँव मे लोगों के बीच जाकर उनसे इस बाबत अपील भी की। जिला स्तर से भी स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण किया,स्वयं कलेक्टर ने लवन में निरीक्षण के दौरान अपना बूस्टर डोज लगवाया।

सीएमएचओ ने बताया की टीकाकरण दो पालियों ने था परन्तु इस समय जिले में बरसात हो रही है तथा कृषि कार्य तेजी से जारी है ऐसे में लोग अपनी खेती किसानी में व्यस्त होने के कारण कई केंद्रों में टीका हेतु नहीं आ रहे थे जिस कारण स्वास्थ विभाग के टीकाकरण दल ने लोगों का उनके कार्यस्थल अर्थात खेतों में ही टीका लगाने का कार्य किया। ऐसा उदाहरण पलारी के ग्राम मुड़पार में देखने को मिला। खेतों में पहुँचे दल के ग्रामीण चिकित्सा सहायक सतीश नायक और स्टाफ नर्स प्रतिभा खाका ने बताया कि, गांव में बारिश हो रही थी जिस कारण खेतों में बुवाई का काम चल रहा था,लोग घरों में नहीं थे। ऐसे में हम लोगों ने खेत पर ही जाकर टीका लगाना तय किया वहां जाने पर ग्रामीणों का भी सहयोग मिला और सभी ने टीका लगवाया। जिले के वनांचल क्षेत्रों में भी दल ने पहुँच के कार्य किया। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर संतोष जाहिर करते हुए आगामी कुछ दिनों में भी एक बार पुनः अभियान चलाने और उसकी कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने इसके लिए ड्यूलिस्ट का जल्द से जल्द सत्यापन पूर्ण करने को भी कहा।

प्रदेश में बीते 10 दिनों में 16.25 लाख लोगों को लगा प्रिकॉशन डोज

■ **30 सितम्बर तक सभी सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों में नि:शुल्क लगाया जाएगा**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पिछले दस दिनों (15 से 24 जुलाई) में कोरोना से बचाव के लिए 16 लाख 25 हजार 792 लोगों ने प्रिकॉशन डोज लगवाया है। राज्य के 24 लाख 95 हजार 168 नागरिकों ने अब तक (24 जुलाई तक) प्रिकॉशन डोज लगवा लिया है। कोविड वैक्सीनेशन अमृत महोत्सव के अंतर्गत 15 जुलाई से प्रदेश भर में 18 वर्ष से 59 वर्ष के लोगों को भी सभी सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। पहले इन केंद्रों पर केवल स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को ही नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी पात्र लोगों से प्रिकॉशन डोज अवश्य लगवाने की अपील की है। देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर 75 दिनों तक चलने वाले कोविड वैक्सीनेशन अमृत महोत्सव के तहत आगामी 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से 59 वर्ष के लोगों को कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाया जाएगा। प्रदेश में इस अभियान के अंतर्गत 18 साल से अधिक उम्र के एक करोड़ 70 लाख पात्र लोगों को नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ चिन्हांकित स्थलों पर कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज़ नि:शुल्क लगाई जा रही है।

आवासीय संकटों से जूझ रहे पीड़ित परिवारों पर प्रशासनिक टीम ने दिखाई दरियादिली

■ **स्वंय के प्रयास से 24 घंटे में राहत व्यवस्था के साथ किया जरूरी इंतज़ाम, प्रशासनिक अमलों की मदद बनी मानवता की मिसाल**

देवकर/देवरबीजा/नवप्रदेश। जिले के साजा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कन्दई में विगत कल रविवार को तहसीलदार विनोद बंजारे की अगुवाई में प्रशासनिक अमले द्वारा बड़ा सराहनीय कार्य किया गया जिसमें दो बरस पूर्व ससुराल छोड़कर मायका (पीहर) गाँव कन्दई में रह रही एक महिला के पति गुजर जाने के बाद अपने दो बच्चों के साथ मानसिक-आर्थिक एवं आवासीय समस्याओं से जूझ रहे पीड़ित परिवार को दिनभर के कठिन मेहनत व तैयारियों के साथ बरसात से बचाने एक टिन का अस्थायी आशियाना संवार कर दिया गया। जिसकी पूरे ज़िलेभर में काफी चर्चा हो रही है, इसमे प्रशासनिक टीम के प्रयासों को स्थानीय स्तर पर हर कोई प्रेरणास्रोत व मानवता की मिसाल की भी संज्ञा दी जा रही है।

मुखिया के साया हट जाने से सालभर से गरीबी के साथ तनाव व सदमे में जीने मज़बूर पीड़ित परिवार

दरअसल जानकारी के मुताबिक पीड़ित परिवार की महिला लीलाबाई पाटिल(40 वर्ष) गाँव से शादी होकर निकटवर्ती बलौदाबाजार ज़िले के तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत धरचुरा गाँव के गौरीशंकर पाटील के घर चली गयी। जहाँ से कुछ वर्ष पूर्व दो बच्चे कु.सीमा पाटिल(23वर्ष) व दुर्गेश पाटिल(20वर्ष) एवं पति गौरीशंकर के साथ अपने मायके कंदई लौट आयी। जहाँ पर गरीबी के अभाव में अपनी लड़की के मानसिक बीमारी के इलाज कराते हुए पिता स्वयं एक बीमारी से जूझता रहा। फिर घर मे बढ़ते कर्ज और स्वयं बीमारी के दर्द से तंग आकर सालभर पूर्व आत्महत्या कर ली।जिसके बाद परिवार के मुखिया के ऐसे मुश्किल घड़ी में चले जाने के सभी का मानसिक तनाव बढ़ गया। जिसके चलते विगत पति के गुजर जाने के बाद सालभर से पीड़ित महिला एवं उसके दोनों बच्चों का मानसिक संतुलन हिल गया। जिसमें किसी तरह गाँव मे खाना-पीना मांगकर गुजर बसर चलता रहा। वही रहने के लिए कच्ची झुग्गी झोपड़ी में रहने लगे जो बरसात के मौसम में काफी कष्टदायक होता था। चूँकि इस सब समस्याओं को सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार को बताया गया जिसके बाद प्रशासन अमलों की टीम ने राहत स्वरूप दिनभर में उनके रहने के लिए टिन का अस्थायी आशियाना के साथ जरूरी फर्नीचर और पहनने के लिए वस्त्र खरीदकर पीड़ितों को प्रदान किये, जो गाँव सहित क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। जिसकी खूब सराहना भी हों रही है।

विगत दिनों अधिकारिक दौरे के दौरान साजा तहसीलदार को पीड़ित परिवार के समस्याओं से हुए अवगत

जानकारी के मुताबिक इस सम्बन्ध में पहले साजा तहसीलदार को कुछ दिनों पूर्व उनके आधिकारिक दौरे के बीच ग्रामीणों एवं सरपंच के द्वारा पीड़ित परिवार के मुसीबत व समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर तहसीलदार ने टीम के साथ त्वरित मदद करने की योजना बनाई। जिसके अनुरूप रविवार को यह प्रयास सफल हुआ जो इलाके में सुर्खियों का विषय बन गया।

पीड़ित परिवार को दिनभर में आशियाने की व्यवस्था के बाद अन्य सुविधाओं के लिए प्रयासरत अफसरों की टीम

चूंकि इस सम्बंध में जब साजा तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने घटनाक्रम के साथ पीड़ित परिवार को अन्य और तरीकों से लाभान्वित कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीड़ित परिवार में से किसी का आधार, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक नही है जिसके चलते वे सरकारी योजनाओं से वंचित रहें है। वही सरपंच के माध्यम से अब परिवार के तीनों सदस्यों का जरूरी कार्य कराकर शासकीय राशन दिलवाई जाएगी। वही इस कार्य के बाद अन्य प्रशासनिक अफसरों से भी बात करेंगे। जिसमे अब आशियाने के किनारे शौचालय व अन्य सुविधा भी दिलाने में प्रयासरत रहेंगे। वही देवकर के पटवारी मेघराज वर्मा ने कहा कि तहसीलदार साहब की अगुवाई में हमारा दिनभर का प्रयास सफल रहा।ऐसे कार्य से पीड़ित परिवार को अब काफी राहत मिलेगी साथ ही अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

सूने मकान का टूटा ताला, लाखों रुपए के जेवर पार, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। अरिहंत नगर आमानाका स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अरिहंत नगर निवासी प्रार्थी वेंकट रमन पटनायक 51 वर्ष अपने परिवार के साथ 21 जुलाई को बाहर गया था। जब कल दोपहर वापस लौटा तो देखा की उसके घर का ताला टूटा हुआ है, वहीं आलमारी में रखे करीब 4 लाख के सोने-चांदी के जेवर अज्ञात चोर ने पार कर दी है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। श्रीनगर स्थित उमा हार्डवेयर के पास कल शाम पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी करण चंदेल 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह कल शाम श्रीनगर स्थित उमा हार्डवेयर के पास खड़ा था, तभी आरोपी मोहित महानंद उसके पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मैनपाट में बुजुर्ग दंपति पर हाथियों ने किया हमला महिला की मौत, पति गंभीर, अस्पताल में भर्ती

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरगुजा जिले के मैनपाट इलाके में हाथियों ने एक बुजुर्ग दंपति पर हमला कर दिया। महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नर्मदापुर में भर्ती किया गया है। करीब 2 महीने से जंगली हाथियों का दल सरगुजा जिले के मैनपाट और रायगढ़ जिले के कापू वन परिक्षेत्र के सरहदी जंगल में विचरण कर रहे हैं। वन विभाग ने हाथियों की मौजूदगी वाले स्थानों से लोगों को दूर रहने मुनादी कराई है। हाथियों की निगरानी के लिए वन कर्मियों की तैनाती भी की गई है।

सरगुजा जिले के मैनपाट वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरडांड में रात के समय हाथियों का दल घुस गया। हाथियों को देखकर बुजुर्ग दंपती भागने का प्रयास कर रहे थे। हाथियों ने बसमतिया (65 वर्ष) को कुचल कर मार डाला। उसका पति विश्वनाथ किसी तरह हाथी के हमले में घायल होने के बाद भी दूर निकल गया। देर रात हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला भी प्रभावित क्षेत्र में पहुंचा। हाथियों को सुरक्षित तरीके से दूर खदेड़ने के बाद घायल विश्वनाथ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपाट में भर्ती करा दिया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

हाथियों का आतंक, 65 घरों को तोड़ चुके

जंगली हाथियों के कारण मैनपाट के बरडांड व कंडराजा सहित आसपास के गांव में रहने वाले लोग हाथियों के आतंक से परेशान हैं। साल-2022 में हाथियों द्वारा मैनपाट में 65 घरों को क्षतिग्रस्त किया जा चुका है। हाथियों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। क्षेत्र में आधा दर्जन लोगों की मौत हाथियों ने की है। बता दें कि छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में बारिश के दिनों में बादल और धुंध के कारण ज्यादा दूर तक कुछ भी नजर नहीं आता। हाथियों की निगरानी भी कड़ी चुनौती बनी हुई है। रात के अंधेरे में हाथियों का स्पष्ट लोकेशन भी नहीं मिल पाता है।